संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

05 दिसंबर 2025, शुक्रवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 071

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### तंबाकू, पान-मसाला जैसे उत्पादों के लिए एक नई कर व्यवस्था होगी लागू, विधेयक पेश

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025 लोकसभा में चर्चा एवं पारित करने के लिए गुरुवार को पेश किया। वित्त मंत्री ने कहा कि यह उपकर आवश्यक वस्तुओं पर नहीं तंबाकू और पान मसाला जैसे उत्पादों पर लगाया जाएगा।



## रूसी राष्ट्रपति पुतिन दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे, पीएम मोदी ने गले मिलकर किया स्वागत

# भारत की तरक्की से कई देश जलते हैं : पुतिन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय आधिकारिक दौरे के लिए भारत पहुंच गए है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरपोर्ट पर पुतिन का गले मिलकर स्वागत किया । यूक्रेन के साथ युद्ध होने के बाद उनका यह पहला भारत दौरा है। दो देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच कई समझौते होने की उम्मीद है। भारत सरकार के सूत्र के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यह दौरा आर्थिक सहयोग को मजबूत करने में बहुत मददगार होगा। राष्ट्रपति पुतिन के साथ बिजनेसमैन का एक बड़ा ग्रुप भी भारत आ रहा है। भारत को रूस के साथ व्यापार को बेहतर बनाने की उम्मीद है। रूस के साथ भारतीय एक्सपोर्ट बढ़ने की भी संभावना है, जिनमें फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, एग्रीकल्चरल प्रोडक्ट्स और मरीन प्रोडक्ट्स शामिल हैं। भारतीय बिजनेस और प्रोडक्ट्स को एक बड़ा बाजार मिलेगा, जिससे रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे और हमारे किसानों की भलाई भी होगी। राष्ट्रपति पुतिन के दौरे में भारत को रूस के साथ व्यापार को बेहतर बनाने की उम्मीद है। रूस के साथ भारतीय एक्सपोर्ट बढ़ने की भी संभावना है, जिनमें फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, एग्रीकल्चरल प्रोडक्ट्स और मरीन प्रोडक्ट्स शामिल हैं। भारतीय बिजनेस और प्रोडक्ट्स को एक



बड़ा बाजार मिलेगा, जिससे रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे और किसानों की भलाई भी होगी। भारत और रूस के बीच शिपिंग, हेल्थकेयर, फर्टिलाइजर, और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में कई समझौते और एमओयू होने की उम्मीद है। साथ ही दोनों देशों के बीच संबंधों, गतिशीलता साझेदारी, संस्कृति, और वैज्ञानिक सहयोग में भी ज्यादा सहयोग देखने को मिलेगा। पुतिन इस दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 23वीं वार्षिक भारत-रूस द्विपक्षीय समिट में भी शामिल होंगे। वहीं, पीएम मोदी और पुतिन के बीच 5 दिसंबर को बैठक होगी, जिसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। 5 दिसंबर को राष्ट्रपति पुतिन को गॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया जाएगा। फिर वह राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे हैदराबाद में 23वीं वार्षिक भारत-रूस द्विपक्षीय समिट शुरू होगी।

इस दौरान दोनों नेताओं के बीच रक्षा, ऊर्जा, व्यापार, तकनीक, स्पेस और रणनीतिक सहयोग के क्षेत्र को लेकर चर्चा होगी। बाद में दोनों पक्षों की तरफ से एक संयुक्त बयान भी जारी किया जाएगा।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत खुशकिस्मत है कि उसके पास मोदी हैं। वे किसी के दबाव में नहीं आते हैं। उन्होंने यह बात मॉस्को में आजतक को दिए इंटरव्यू में कही।

पुतिन ने भारत को ग्रेट पावर बताया और कहा कि भारत की तरक्की कई देशों को चुभ रही है। उन्होंने पीएम मोदी की लीडरशिप, भारत-रूस संबंधों, ग्लोबल पॉलिटिक्स और अमेरिका की नीतियों पर खुलकर बात की।

जब पुतिन से पूछा गया कि क्या अमेरिका भारत पर टैरिफ लगाकर राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, तो पुतिन ने साफ कहा कि भारत अपनी इंडिपेंडेंट पॉलिसी पर चलता है।

अमेरिका पर तंज कसते हुए पुतिन ने कहा कि वॉशिंगटन खुद हमसे न्यूक्लियर एनर्जी खरीदता है और फिर ज्ञान देने की कोशिश करता है। अमेरिका, भारत को रूस से तेल खरीदने पर दोषी ठहराने की कोशिश करता है। यह साफ तौर पर दोहरा रवैया है, जिसे अब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं समझ रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अब नेपाल ले जा सकेंगे 200 और 500 के भारतीय नोट

**काठमांडू ।** भारत के केंद्रीय बैंक ने नेपाल में बड़े मूल्य के भारतीय नोटों के उपयोग पर लगी रोक हटाते हुए अधिक लचीली व्यवस्था लागू की है। आरबीआई ने नेपाली रुपया और भारतीय रुपया के प्रचलन से संबंधित पुराने नियमों में संशोधन किया है। विदेशी मुद्रा प्रबंधन (मुद्रा निर्यात एवं आयात) संशोधन विनियमावली 2025 जारी करते हुए रिज़र्व बैंक ने व्यवस्था की है कि भारत के बाहर नेपाल और भूटान में भारतीय मुद्रा को (100 रूपये से अधिक मूल्य वाले नोटों को छोड़कर) ले जाया और लाया जा सकेगा। संशोधित प्रावधान के अनुसार भारत से नेपाल या भूटान की यात्रा करने वाले यात्री अब 25 हजार भारतीय रुपये ले जा सकेंगे। इसी तरह नेपाल और भूटान से भारत आने वाले लोग भी (100 रूपये से अधिक मूल्य वाले नोटों को छोड़कर) भारतीय मुद्रा ला सकेंगे।

### शराब घोटाला : आईएएस अमित को एसीबी का समन

**रांची ।** झारखंड में हुए शराब घोटाला मामले की जांच तेज़ हो गई है। इसी क्रम में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी और वर्तमान में वाणिज्यकर आयुक्त अमित कुमार को पूछताछ के लिए तलब किया है। एसीबी ने उन्हें गुरुवार को समन जारी किया है, जिसके तहत उन्हें शुक्रवार को जांच में शामिल होना है। माना जा रहा है कि इस पूछताछ से घोटाले से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं। एसीबी सूत्रों के अनुसार, इससे पहले इस मामले में आईएएस मुकेश कुमार, आईएएस मनोज कुमार, जमशेदपुर के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और रामगढ़ के डीसी फैज अहमद मुमताज से पूछताछ की जा चुकी है। अबतक की जांच में यह सामने आया है कि जब अमित कुमार उत्पाद विभाग में आयुक्त पद पर थे, उस दौरान विजन और मार्शन नाम की कंपनियों में से एक ने फर्जी बैंक गारंटी प्रस्तुत की थी।

# इरादे नेक हों तो सब कुछ बेहतर हो जाता है : हेमंत

## जेएसएससी सीजीएल पुरिणाम पर मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को दी बधाई

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा के अभ्यर्थियों को बधाई दी। झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा रिजल्ट जारी करने और नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के आदेश के बाद बड़ी संख्या में अभ्यर्थी ढोल-नगाड़ों के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और खुशी का इजहार किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अगर इरादे नेक हों, तो हर काम बेहतर होता है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में थोड़ी देरी जरूर हुई, लेकिन अब बाधाएं दूर हो चुकी हैं। यदि उच्च न्यायालय का फैसला जल्द आता, तो राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के मौके पर उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपने का अवसर मिल जाता। बावजूद इसके, युवाओं के संघर्ष और जज्बे ने सफलता की राह तैयार की है।



मुख्यमंत्री सोरेन ने आरोप लगाया कि राज्य में कुछ विरोधी ताकतें लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं को बाधित करने की कोशिश करती हैं। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के मामले में भी षड्यंत्र किए गए, लेकिन सरकार ने निष्पक्ष जांच कर सच सामने लाया। दोषियों पर सख्त कार्रवाई हुई और उच्च न्यायालय ने भी पारदर्शिता और ईमानदार प्रयासों को मान्यता दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपीएससी ने पिछले 18 वर्षों में जितनी परीक्षाएं कराईं, उससे अधिक परीक्षाएं सरकार ने सिर्फ 5 वर्षों में संचालित कराईं। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हुई सभी परीक्षाएं पारदर्शी और निष्पक्ष रहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को अवसर देने और उनका भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जब हमारे युवा खुश और सक्षम होंगे, तभी झारखंड सशक्त और विकसित राज्य बन पाएगा।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे देवघर

## पार्टी के नए कार्यालय का करेंगे उद्घाटन

- भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को करेंगे संबोधित
- बाबा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद एम्स में करेंगे समीझा बैठक

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 05 दिसंबर को देवघर पहुंच रहे हैं। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर है। पार्टी की ओर से नए कार्यालय के उद्घाटन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। एयरपोर्ट पर भाजपा नेता स्वागत करेंगे । इसके बाद मोटरसाइकिल एवं चार पहिया वाहनों की रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उन्हें सर्किट हाउस तक लेकर जाएंगे। सर्किट हाउस में राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा की कोर टीम एवं प्रदेश स्तरीय नेताओं



के साथ बैठक करेंगे। अगले दिन वह बाबा बैद्यनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे तथा पांडा धर्मरक्षिणी सभा के सदस्यों से संवाद करेंगे। इसी क्रम में सरदार पांडा को सम्मानित किया जाएगा। जेपी नड्डा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संचालित संपर्क अभियान के एक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसी दौरान गुमला जिला भाजपा कार्यालय का उद्घाटन भी वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा, जहां गुमला सहित अन्य जिलों के कार्यकर्ता उनका भाषण सुनेंगे।

वे शुक्रवार शाम 07:30 बजे देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसी दिन रात 08:45 बजे सर्किट हाउस में झारखंड प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक होगी तथा नड्डा रात्रि विश्राम देवघर में ही करेंगे। अगले दिन शनिवार 06 दिसंबर की सुबह 09:00 बजे वे बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके उपरांत 10:00 बजे देवघर जिला भाजपा कार्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे तथा कार्यालय का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद 11:00 बजे जिला भाजपा कार्यालय परिसर में आयोजित झारखंड प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शाम 04:30 बजे नड्डा एम्स देवघर का दौरा करेंगे और संस्थान में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

# हेमंत की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई, ईडी को नोटिस

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड उच्च न्यायालय में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई। यह याचिका रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम (मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी) द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दाखिल शिकायत पर लिए गए संज्ञान को चुनौती देने के संबंध में दायर की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज शिकायत वाद (कंप्लेन केस) पर रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम की ओर से लिए गए संज्ञान को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का





निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने ट्रायल कोर्ट को यह आदेश दिया है कि 12 दिसंबर को निर्धारित सुनवाई को अगली अदालत के आदेश तक स्थगित रखा जाए। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की पीठ में हुई। मुख्यमंत्री सोरेन की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा, दीपांकर रॉय और श्रेय मिश्रा ने पक्ष रखा।

# काम में असमर्थ बीएलओ की जगह दूसरे अधिकारी नियुक्त करें : सुप्रीम कोर्ट

## बीएलओ की मौत पर राज्य सरकारों को फटकार, जहां 10,000, वहां 30,000 स्टाफ भी तैनात हो सकता है



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने अलग-अलग राज्यों में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में लगे बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) के तौर पर काम कर रहे कई पुरुषों और महिलाओं की मौत और आत्महत्या पर गंभीर चिंता जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान बीएलओ की दिक्कतों को कम करने के लिए कई निर्देश जारी किए हैं। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने संबंधित राज्यों को एसआईआर ड्यूटी के लिए अतिरिक्त स्टाफ तैनात करने का आदेश दे दिया है। ताकि एसआईआर में लगे लोगों के काम के घंटे कम हो सकें और उन पर मानसिक बोझ खत्म कर सके। सुप्रीम कोर्ट बेंच ने साफ किया कि अगर बूथ लेवल ऑफिसर्स किसी खास वजहों का हवाला देकर छुट्टी मांगते हैं, तब उस पर केस-टू-केस बेसिस पर विचार होना चाहिए। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने बीएलओ के काम करने के हालात और मेंटल हेल्थ के लिए राज्य सरकारों को जम्मिदार ठहराया, और कहा कि जहां 10,000 स्टाफ तैनात हैं, वहां 30,000 स्टाफ भी तैनात हो सकते हैं? शीर्ष अदालत ने राज्यों को फटकार लगाकर पूछा कि ऐसा क्यों नहीं किया गया?

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि जो बीएलओ ड्यूटी से छूट मांग रहे हैं, खासकर अगर वे बीमार हैं या किसी और वजह से असमर्थ हैं, तब उन्हें छुट्टी दें और उनकी जगह किसी और को रखा जाए।

# एक साल में खत्म होगा मौजूदा टोल सिस्टम : गडकरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में घोषणा की कि देश में टोल कलेक्शन का मौजूदा सिस्टम एक वर्ष के भीतर समाप्त कर दिया जाएगा। इसकी जगह नया इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन मॉडल लागू किया जाएगा, जिससे हाई-वे उपयोगकर्ताओं को यात्रा के दौरान पूरी तरह बाधारहित और बेहतर अनुभव मिलेगा। गडकरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि यह नई प्रणाली प्रयोगात्मक रूप से 10 स्थानों पर शुरू की जा चुकी है और अगले एक वर्ष में इसे पूरे देश में विस्तारित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ÷यह टोल सिस्टम खत्म हो जाएगा। टोल



के नाम पर आपको कोई नहीं रोकेगा। एक साल के अंदर पूरे देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन लागू कर दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में देशभर में 10 लाख करोड़ रुपये लागत के 4,500 से अधिक हाई-वे परियोजनाएं प्रगति पर हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में टोल नाकों पर रुकने की आवश्यकता पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

# धनबाद में जहरीली गैस का कहर, दो महिलाओं की मौत





**संवाददाता**

**धनबाद ।** झारखंड के धनबाद जिले के केंदुआडीह थाना क्षेत्र में जहरीली गैस लीक की समस्या दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है। गैस के प्रभाव से अब तक दो महिलाओं की मौत हो चुकी है, जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

पहली मौत बुधवार रात हुई थी, जब प्रियंका देवी की हालत अचानक बिगड़ गई। गुरुवार को 62 वर्षीय ललिता देवी ने भी दम तोड़ दिया। हालांकि प्रशासन का कहना है कि दोनों मौतों की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

इन घटनाओं के विरोध गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने धनबाद-रांची मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। लोगों ने टायर जलाकर जिला प्रशासन और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। उनका कहना है कि जब तक सुरक्षित पुनर्वास नहीं दिया जाता और जहरीली गैस के स्रोत को चिह्नित कर बंद नहीं किया जाता, तब तक जाम जारी रहेगा, लेकिन लगभग चार घंटे के बाद प्रशासन और ग्रामीणों में हुई वार्ता के बाद सड़क जाम समाप्त कर दिया गया है।

स्थानीय निवासी प्रदीप कुमार ठाकुर ने बताया कि मृतक महिला की तबीयत अचानक बिगड़ी और मुंह से झाग निकलने लगा। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने बताया कि मौत गैस के प्रभाव और सांस रुकने से हुई हो सकती है। प्रदीप के अनुसार, अब भी 15-20 लोग बीमार हैं और यदि गैस रिसाव नहीं रुका, तो स्थिति और बिगड़ सकती है।

स्थानीय निवासी शेख मोहम्मद ने प्रशासन पर ठोस व्यवस्था न करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि वर्षों से सिर्फ नोटिस दिया जा रहा है, लेकिन वैकल्पिक जगह नहीं मुहैया कराई गई। गैस पूरे इलाके में फैल चुकी है और लोग लगातार बीमार पड़ रहे हैं।

## डीसी ने दिया जांच टीम गठित करने का निर्देश

**धनबाद ।** पुटकी अंचल अंतर्गत केंदुआडीह के विभिन्न बस्तियों में जहरीली गैस रिसाव मामले को लेकर गुरुवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बीसीसीएल, डीजीएमएस, स्वास्थ विभाग, आपदा विभाग तथा जेआरडीए की टीम के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उक्त घटना की समीक्षा करते हुए विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जहरीली गैस रिसाव के कारण, रोकथाम के उपाय, प्रभावित लोगों को सुरक्षित जगह तत्काल शिफ्ट करने, घटना में हुए मृत्यु पर लापरवाही पर कार्रवाई करने समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि घटना के पश्चात बीसीसीएल, जिला प्रशासन, स्थानीय थाना की ओर से संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। किन्तु प्रारंभिक सूचना और क्षेत्रीय निरीक्षण में पाया गया कि राहत एवं बचाव कार्य में समुचित तत्परता का अभाव परिलक्षित हुआ।

# झारखंड नगर निकाय चुनाव : आरक्षण प्रक्रिया तेज, जनवरी-फरवरी में आ सकती है अधिसूचना

### रांची और आदित्यपुर में मेयर पद एसटी के लिए गिरिडीह एससी हजारीबाग ओबीसी, देवघर, धनबाद, चास, मेदिनीनगर और मानगो नगर निगम अनारक्षित रहेंगे

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव की तैयारियों में तेजी आ गई है। राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट में चुनाव कराने संबंधी शपथपत्र दाखिल किए जाने के बाद निर्वाचन प्रक्रिया की गतिविधियां और तेज हो गई हैं। जिलों में वार्डवार आरक्षण निर्धारण की कार्रवाई शुरू हो चुकी है, जिसके बाद चुनावी कैलेंडर को अंतिम रूप दिया जाएगा। आरक्षण सूची के अनुमोदन के बाद जनवरी के अंतिम सप्ताह या फरवरी के पहले सप्ताह में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। हाई कोर्ट को आयोग ने बताया है कि आठ सप्ताह में सभी तैयारी पूरी कर ली जाएगी और 45 दिनों में चुनाव संपन्न करा दिया जाएगा।

राज्य के सभी 48 नगर निकायों में चुनाव एक ही चरण में कराने की योजना है। फिलहाल इसे पर सभी जिलों के उपायुक्तों के रिपोर्ट के बाद ही एक या दो चरणों में चुनाव कराने पर मुहर लगेगी। इधर, राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी 24 जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि ओबीसी आरक्षण पर हुए ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट के आधार पर वार्डों में ओबीसी-1, ओबीसी-2, एससी और एसटी की आबादी का विश्लेषण कर आरक्षण सूची तैयार करें।

**जिला स्तर पर बूथ, मतदाता सूची और सुरक्षा तैयारी शुरू**

जिलों में मतदान केंद्रों की पहचान, मतदाता सूची संशोधन, संवेदनशील बूथों का निर्धारण और कर्मचारियों की तैनाती से जुड़ी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित हो सके। फिलहाल पूरे राज्य में निकायों का कार्यभार सरकारी अधिकारियों के पास है। चुनाव होने के बाद दोबारा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से नगर निकायों में जनसंचालन बहाल होगा।

## ओबीसी-1, ओबीसी-2 समेत सभी वर्गों का आरक्षण आबादी आधारित

नगर निकायों में आरक्षण का निर्धारण पूरी तरह आबादी के आधार पर होगा। जहां किसी वर्ग की जनसंख्या 1त्न से कम होगी, वहां उस वर्ग के लिए आरक्षण लागू नहीं होगा। वार्ड पार्षदों के लिए चक्रीय आरक्षण फिर से लागू किया गया है, जबकि मेयर और अध्यक्ष पदों से चक्रीय आरक्षण हटा दिया गया है। नए फॉर्मूले के तहत पहले एसटी, फिर एससी, फिर बीसी-1 और बीसी-2 को क्रमवार आरक्षण दिया जाएगा। जानकरी के अनुसार 50त्न की अधिकतम सीमा के कारण नौ में से केवल चार नगर निगमों में मेयर पद आरक्षित होंगे। अनुमान है कि रांची और आदित्यपुर नगर निगम में मेयर पद एसटी के लिए, गिरिडीह में एससी के लिए तथा हजारीबाग में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित होगा। देवघर, धनबाद, चास, मेदिनीनगर और मानगो नगर निगम अनारक्षित रहेंगे।

## दहेज में नहीं मिले दो लाख , तो पत्नी को घर से निकाला

संताल एक्सप्रेस

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढुटुआ गांव में दहेज के लिए एक विवाहिता को घर से निकाल दिया गया। ससुराल वालों के जरिये विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में रामगढ़ महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़िता लाड़ली परवीन के बयान पर ससुराल के पांच सदस्यों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है।गुरुवार को महिला थाना प्रभारी वीणा कुमारी ने बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के हेसला गांव निवासी लाड़ली परवीन की शादी छह अप्रैल 2019 को ढुटुआ निवासी सरफराज अहमद के साथ हुई थी। शादी के दौरान दहेज में नगद और कई सामान दिए गए थे। शादी के कुछ दिनों बाद ही दोबारा ससुराल वालों ने दो लाख रुपये नगद की मांग रख डाली। लाड़ली परवीन ने बताया कि दो लाख रुपये नहीं देने की वजह से ससुराल वालों की ओर से उसके पति के जरिये उसके साथ मारपीट भी की गई। साथ ही उसे प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में जाली प्रमाणपत्र से नामांकन

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।**जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2025-26 में वर्ग -6 में नामांकन के लिए जाली प्रमाण पत्र जमा करने के मामले में डीसी आदित्य रंजन के निर्देश पर एफआईआर की गई है। दिए हैं। मामले की जांच के लिए टीम गठित की गई थी। टीम ने जांच रिपोर्ट डीसी को सौंप दी गई है। इस मामले में डीसी के निर्देश पर 16 छात्र - छात्राओं के अभिभावक पर प्रभारी प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय बेनगोरिया, धनबाद ने निरसा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिन 16 संबंधितत छात्र - छात्राओं के अभिभावकों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है उसमें , टुंडी अंचल, गोविंदपुर अंचल, पूर्वी टुंडी अंचल, बलियापुर अंचल तथा धनबाद अंचल क्षेत्र के निवासी हैं।

## फर्जी तरीके से बैंक खाते से की निकासी

**झरिया।** पाथरबंगला के ब्रह्मदेव कुमार ने अपने बैंक खाते से 18000 रुपये कि फर्जी तरीके से निकासी की शिकायत चासनाला स्टेट बैंक के प्रबंधक से की है। ब्रह्मदेव ने लिखित शिकायत में बताया है कि झरिया के कतरास मोड़ एटीएम से पैसे निकासी के लिए गए थे। राशि की निकासी नहीं हुई। पैसा फंस गया। इसकी शिकायत भी की। इसके बाद भी 18000 रुपए की निकासी हो गई। इधर बैंक प्रबंधन ने छानबीन शुरू कर दिया है।सूत्र के अनुसार बताया जा रहा है कि पीड़ित के पैसे बोकारो के किसी अजय कुमार बिश्नोई के खाते में ट्रांजेक्शन किया गया है।

## कोयला नगर में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन




**धनबाद।** धनबाद के कोयला नगर में गुरुवार को वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को वित्तीय साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया।वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन ने कार्यक्रम में कहा कि डिजिटल युग में वित्तीय साक्षरता बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि 82प्रतिशत लोग डिजिटल लेनदेन का प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन केवल 31 प्रतिशत लोग ही डिजिटल लेनदेन के जोखिमों से अवगत हैं। उन्होंने लोगों से अपने वित्तीय अधिकारों को जानने और अपने हित में निर्णय लेने के लिए बुनियादी जानकारियां प्राप्त करने का आग्रह किया। प्रेम रंजन ने बताया कि दूसरे देशों में वित्तीय साक्षरता दर 50-60प्रतिशत है, जबकि भारत में यह दर 30प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में लोगों का वित्तीय साक्षर होना आवश्यक है।

## बुजुर्ग दंपति हत्याकांड में दो गिरफ्तार

**बोकारो।** हरला थाना क्षेत्र में एक दिसंबर को हुई बुजुर्ग दंपती की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपितों ओमप्रकाश कुमार उर्फ ललुआ और उसके सहयोगी रामचन्द्र कुमार उर्फ बिद्ध को गिरफ्तार कर लिया है। जोशी कॉलोनी गेट संख्या-03 में महावीर साव (70) और उनकी पत्नी कौशल्या देवी (65) की ईंट और चाकू से हत्या कर दी गई थी। गुरुवार को एसपी हरविंदर सिंह ने एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपितों से पूछताछ में हत्या की वजह व्यापारिक प्रतिस्पर्धा और आपसी रंजिश सामने आई। एसपी ने बताया कि मृतक दंपती चाय-पकौड़ी की दुकान चलाते थे, जबकि ठीक सामने ओमप्रकाश भी चाय-नाश्ते की दुकान लगाता था। ग्राहकों को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। ओमप्रकाश इसी मनमुटाव को लेकर दंपती से रंजिश रखने लगा था। घटना की रात ओमप्रकाश और उसका साथी रामचन्द्र शराब के नशे में थे ।

## सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत

**देवघर।** देवीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत काशीडीह गांव के 60 वर्षीय सूरज महतो की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि मंगलवार को सूरज महतो काशीडीह मोड़ के निकट अपने घर के पास पैदल जा रहे थे, तभी अज्ञात बाइक सवार ने धक्का मार दिया और मौके से फरार हो गया। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने तत्काल उन्हें देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के क्रम में बुधवार की रात उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है और अज्ञात बाइक सवार की तलाश में जुटी है।

## युवती से मोबाइल झपटकर भागे उचक्के

**धनबाद।** बलियापुर धोखरा मोड़ के पास गुरुवार की सुबह रूबी कुमारी (22 वर्ष) से उचक्के मोबाइल झपट कर भाग निकले। युवती मोबाइल से बातें कर रही थी। इसी बीच बाइक से आए दो बदमाशों ने मोबाइल झपट लिया। हो हल्ला होने पर लोगों ने दोनों बदमाशों का पीछा किया। आमझर ओवरब्रिज के पास दोनों बदमाश अपनी बाइक एवं छिनी गई मोबाइल छोड़कर भाग निकले। सूचना पाते ही बलियापुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मोबाइल व बाइक को जब्त कर बलियापुर थाना ले आई।पुलिस फरार दोनों बदमाशों की तलाश में जुट गई है। रूबी कुमारी बोकारो चन्द्रपुरा की रहने वाली है। वह करमाटांड़ कालोनी अपने रिश्तेदार के यहां आई हुई है।

## बेलगड़िया टाउनशिप को मिला नया टीओपी, होगी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत

**धनबाद।** धनबाद के बेलगड़िया टाउनशिप में गुरुवार को डीसी आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार ने बेलगड़िया टी.ओ.पी का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में बलियापुर थाना प्रभारी, सिंदरी एसडीपीओ और समिति जेआरडी के अधिकारी भी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद डीसी और एसएसपी ने बेलगड़िया टाउनशिप के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। डीसी आदित्य रंजन ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की मंशा बेलगड़िया के लोगों को बेहतर सुरक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में सभी सरकारी संस्थान भी यहीं स्थापित किए जाएंगे, और आबादी बढ़ने के बाद यहां नगर पालिका बनाए जाने पर भी विचार हो सकता है। इसी कड़ी में बेलगड़िया टी.ओ.पी की शुरुआत की गई है, ताकि टाउनशिप के लोगों को छोटी-छोटी शिकायतों के लिए दूर थाना न जाना पड़े। वहीं, एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि टाउनशिप में बड़ी आबादी बस चुकी है, इसलिए स्थानीय स्तर पर पुलिस व्यवस्था मजबूत करना जरूरी था। टी.ओ.पी में फिलहाल दो पदाधिकारी और आठ पुलिसकर्मी 24 घंटे तैनात रहेंगे।

# विस. शीतकालीन सत्रआज से , सीएम ने मंत्रियों और विधायकों को दिया दिशा निर्देश

संताल एक्सप्रेस




**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सत्र के एजेंडे, विधायी कार्यों और तैयारी की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही सभी से सत्र में प्रभावी भागीदारी की अपेक्षा जताई। मंत्रियों और विधायकों को सत्र के दौरान अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि शीतकालीन सत्र की तैयारियों को लेकर विशेष चर्चा हुई है। सदन में सत्ता पक्ष को घेरने की विपक्ष की हर कोशिश को तर्कपूर्ण तरीके से नाकाम किया जाएगा। विपक्ष के जनसरोकार से जुड़े सभी सवालों का जवाब सरकार की ओर से दिया जाएगा।कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि गठबंधन में ऑल इज वेल है। शीतकालीन सत्र के दौरान एक ओर जहां हम अपनी उपलब्धियों की जानकारी सत्र और सदन के माध्यम से देंगे, वहीं उन प्रमुख विषयों को भी उठाएंगे जो मामले झारखंड विधानसभा से पारित कर भेजा गया और उस पर केंद्र की चुप्पी है। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से महागठबंधन और सत्ता में परिवर्तन को लेकर जो कयास लगाए जा रहे थे, वह सभी आज निराधार साबित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह से स्थिर है और विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कहा था कि लोकसभा ड्रामा नहीं डिलीवरी की जगह है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान भाजपा विधायक भी इस बात का ख्याल रखेंगे।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने शुरू की पदयात्रा

संताल एक्सप्रेस



**गिरिडीह ।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने राज्य के छात्रों और युवाओं के अधिकारों तथा लंबित समस्याओं को लेकर एक बड़ा आंदोलन शुरू किया है। इसी क्रम में गुरुवार को डुमरी के चिरैया मोड़ से 'छात्र अधिकार पदयात्रा' की शुरुआत हुई। सुबह से ही सैकड़ों छात्र-युवा और मोर्चा के कार्यकर्ता स्थल पर एकत्रित होने लगे थे। डुमरी विधायक जयराम महतो ने जोशपूर्ण नारों और बैनरों के बीच पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक जयराम महतो ने इस अवसर पर कहा कि झारखंड के छात्र और युवा वर्षों से उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। उनके भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि अब समय आ गया है कि संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई जाए। उन्होंने इसे केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि न्याय के लिए शुरू किया गया जन आंदोलन बताया, जिसे जरूरत पड़ने पर और तेज किया जाएगा। यह पदयात्रा डुमरी से शुरू होकर बगोदर, बिष्णुगढ़, हजारीबाग और रामगढ़ होते हुए राजधानी रांची पहुंचेगी। यात्रा का समापन विधानसभा धरनास्थल पर विभिन्न पड़ावों पर छात्र-युवा स्वागत सभाओं के माध्यम से यात्रा का समर्थन करेंगे। यात्रा का समापन 9 दिसंबर को रांची विधानसभा धरना स्थल पर एक विशाल जनसभा के साथ होगा, जिसमें राज्यभर से हजारों युवाओं के जुटने की संभावना है। मोर्चा नेताओं ने बताया कि पदयात्रा के माध्यम से कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई जाएंगी। इनमें खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति को तुरंत लागू करना, राज्य के छात्रों को लंबित छात्रवृत्ति का तत्काल भुगतान, जेपीएससी, जेएसएससी और जे-टेट की लंबित परीक्षाओं के परिणाम जल्द जारी करना शामिल है। अन्य मांगों में हर वर्ष नियमित परीक्षा कैलेंडर जारी कर उसका पालन सुनिश्चित करना और राज्य के सभी विभागों में रिक्त सरकारी पदों पर जल्द नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करना प्रमुख हैं। मोर्चा का कहना है कि बेरोजगारी, लंबित परीक्षाएं, अव्यवस्थित भर्ती प्रणाली और छात्रवृत्ति भुगतान में देरी ने राज्य के युवाओं को मानसिक रूप से परेशान कर दिया है। इसी कारण 'छात्र अधिकार पदयात्रा' को प्रदेशव्यापी आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है

## पारस हॉस्पिटल में बच्चे का न्यूरोलॉजिकल बीमारी का सफल इलाज

संताल एक्सप्रेस




**रांची।** पारस एचइसी हॉस्पिटल रांची में दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल बीमारी से जुझ रहे एक साढे सात वर्षीय बच्चे का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। उस मरीज को एक महीने पहले तेज बुखार आने के बाद अचानक बेहोशी और शरीर के हाथ-पैरों में पूरी तरह लकवा जैसा लक्षण हो गया था। परिजन जब बच्चे को पारस एचइसी हॉस्पिटल लाए, उस समय मरीज बिल्कुल बेहोश था और किसी अंग में कोई मूवमेंट नहीं हो रहा था। हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ संजीव कुमार शर्मा ने जांच के दौरान एमआरआई में पाया गया कि बच्चे के ब्रेन और स्पाइनल कॉर्ड की कई परतें प्रभावित होकर झड़ चुकी थीं। इसके बाद कमर से पानी (सीएसएफ) जांच व रक्त जांच की गई, जिसमें एक्यूट डिमाइलिनेटिंग डिसऑर्डर सामने आया। यह स्थिति माइलिन ऑलिगोडेंड्रोसाइट ग्लाइकोप्रोटीन एसोसिएटेड डिजीज (एमओजीएडी) नामक दुर्लभ बीमारी के कारण विकसित हुई थी, जो बच्चों में तीव्र लकवे जैसी स्थिति पैदा कर सकती है। समय पर सही जांच और उपचार शुरू होने के केवल दो दिनों के भीतर मरीज को होश आ गया। उपचार जारी रहने पर स्पाइनल कॉर्ड और ब्रेन की परतों में सुधार दिखा और बच्चा एक महीने के भीतर फिर से चलने-दौड़ने लगा।

## बीसीसीएल की आंचलिक खेलकूद प्रतियोगिता




**धनबाद।** झरिया के भौंरा स्टेडियम में गुरुवार को बीसीसीएल की दो दिवसीय आंचलिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 की शुरुआत हुई। उद्घाटन मुख्य अतिथि ईजे एरिया के अपर महाप्रबंधक सुशील कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता की शुरुआत कोल इंडिया के झंडोत्तोलन एवं कॉरपोरेट गीत से हुई। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट भी किया। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाया। प्रतियोगिता में ईजे एरिया,लोदना एरिया,बस्तकोला एरिया और इस्टर्न वाशरी जोन के खिलाड़ियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता में हाई जंप, जेवलिन थ्रो,डिस्कस थ्रो, 1500 मीटर दौड़ आदि का आयोजन किया गया। मौके पर एजीएम सुशील कुमार, सुधांशु महाजन, अभिषेख कुमार, बीके पांडेय,अमित कुमार, भारत वैष्णव, संजय चौधरी,प्रताप सिंधे,हिमांशु टीटोरीया, समाज सेवी मौसम महंती,उदय साहू,धनंजय कुमार,ललित नारायण आदि थे।

## संयुक्त मोर्चा का नए श्रम कानून का विरोध प्रदर्शन



**धनबाद।** केंद्र सरकार के चार नए श्रम कानून के विरोध में गुरुवार को संयुक्त मोर्चा ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व राकोमयू के महामंत्री एके झा ने किया। प्रदर्शनकारी लोदना क्षेत्रीय कार्यालय गेट पर जुये। केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी की और श्रम कानून वापस लेने की मांग की गई। सभा भी की गई। वक्ताओं ने केंद्र सरकार को मजदूर विरोधी बताया। एके झा ने कहा कि केंद्र सरकार ने निजी कंपनियों को बढ़ावा देने के लिए चार श्रम कानून बनाया है। यह कानून श्रमिक विरोधी है। इससे मजदूरी का आर्थिक शोषण होगा और छटनी को बढ़ावा मिलेगा। कानून को सरकार वापस नहीं लेती है तो कर्मियों के आश्रित रोजगार के अवसर से वंचित हो जाएंगे। बेरोजगारी और बढ़ जाएगी। उन्होंने कर्मियों से पार्टी तथा भेदभाव को भूलाकर मजदूर विरोधी कानून के विरोध में एकजुट होकर आंदोलन करने का अपील की । मौके पर राकोमयू के महीप सिंह,शैलेन्द्र सिंह,सुनील राय,तेजा बेलदार, बीसीकेयू से सुरेश गुप्ता,धर्मेंद्र राय सलाउद्दीन अंसारी,जमसंघ कुंती गुट के अनिल सिंह,राय बाबू सिंह,हरिश्चन्द्र सिंह,उमेश सिंह, जमसं बच्चा गुट से मृणाल सिंह,अमरजीत यादव,भोला प्रसाद,राष्ट्रीय जनता कामगार संघ के बालेश्वर साहनी,राजकुमार साव,समसाद आलम,सुमन मल्होत्रा,केआईएमपी के बिहारीलाल चौहान,मिथिलेश पासवान,एटक से श्रीराम गोराई, बिनोद कुमार पासवान,शिव कुमार सिंह, अनवर अंसारी,मुंद्रिका पासवान केल्विन तिर्की, एयनुल अनसारी, पशुपतिनाथ देव, महिप सिंह सुरेश माली आदि मौजूद थे ।

## तालाब से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर तालाब से गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। तालाब में शव को सबसे पहले स्थानीय लोगों ने देखा और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। खबर मिलते ही धुर्वा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। धुर्वा थाना इंस्पेक्टर विमल किंडो ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। प्रारंभिक जांच में शव पर किसी तरह के चोट या जख्म के निशान नहीं मिले हैं। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान कराने में जुटी है।-

## अजमेर-रांची-अजमेर साप्ताहिक ट्रेन परिचालन का अवधि विस्तार

**धनबाद।** यात्रियों की सुविधा एवं उनके सुगम आवागमन के लिए ट्रेन संख्या 09619/09620 अजमेर-रांची-अजमेर स्पेशल ट्रेन के परिचालन की अवधि का विस्तार किया जाएगा।

09619अजमेर -रांची स्पेशल शुक्रवार 05.12.25 से 26.12.25। 09620 रांची- अजमेर स्पेशल रविवार 07.12.25 से 28.12.25 तक चलेगी। स्पेशल ट्रेनों का समय और ठहराव वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 09619/09620 अजमेर-रांची-अजमेर स्पेशल के मौजूदा समय और ठहराव के समान होगा ।

## आईआईटी ने दिखाई भारत के मिनरल और ऊर्जा की नई दिशा



संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** आईआईटी धनबाद में चल रहे शताब्दी फ़ाउंडेशन वीक का दूसरा दिन आज बेहद महत्वपूर्ण और ऊर्जा से भरा रहा। पेनमैन ऑडिटोरियम में आयोजित डीएसटी- पीएआईआर इवेंट में देशभर से आए विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, उद्योग प्रतिनिधियों और छात्रों ने क्रिटिकल मिनरल्स, जियो-एनर्जी और जियोसाइंसेज़ से जुड़े नए तकनीकी रास्तों पर चर्चा की। चर्चा में कहा गया कि आने वाले वर्षों में भारत की मिनरल सुरक्षा और ऊर्जा परिवर्तन में आईआईटी की भूमिका बेहद अहम रहने वाली है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और संस्थान की 100 साल की यात्रा पर बनी एक विशेष वीडियो से हुई। इसके बाद अप्लाइड जियोलॉजी, अप्लाइड जियोफिज़िक्स, माइनिंग इंजीनियरिंग और एफएमएमई विभागों के वरिष्ठ प्रोफेसरों ने अपनी तकनीकी उपलब्धियाँ साझा की। इसमें स्मार्ट माइनिंग, नए एक्सप्लोरेशन मॉडल, स्वच्छ ऊर्जा तकनीकें और संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर किए जा रहे कार्य शामिल थे। स्वागत संबोधन प्रो भंवर सिंह चौधरी ने किया।निदेशक प्रो डॉ सुकुमार मिश्रा ने कहा कि देश विकसित भारत 2047 की ओर तेजी से बढ़ रहा है और आईआईटी का दायित्व है कि वह इस यात्रा में तकनीकी नेतृत्व दे। उन्होंने बताया कि कैसे कला और विज्ञान विभागों ने डिजिटल तकनीकों को अपनाकर नए प्रयोग और मॉडल तैयार किए हैं। उन्होंने टीईएक्सएमआई की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि अब समय है कि मूलभूत शोध को व्यावहारिक और बाजार में उपयोग होने वाली तकनीक में बदला जाए।

## मजदूरों का हक मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन : निताई महतो

संताल एक्सप्रेस



**धनबाद।** पूर्वी झरिया क्षेत्र प्रबंधन पर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन ने वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। वादे से मुकरने और असंगठित मजदूरों के भावनाओ से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के नेता सह बीसीसीएल वेलफेयर समिति के सदस्य निताई महतो अपने समर्थक और सुदामडीह रेलवे साइडिंग के मजदूरों के साथ पूर्वी झरिया क्षेत्रीय कार्यालय गेट के समीप धरना पर बैठ गए है। धरना स्थल पर सभा भी की गई। प्रबंधन विरोधी नारेबाजी भी हुई। निताई महतो ने कहा मजदूरों का हक मिलने तक धरना पर बैठे रहेंगे।कहा कि सुदामडीह 5 नम्बर रेलवे साइडिंग में पिकइंग ब्रेकिंग के 36 मजदूरों को पांच माह से वेतन नहीं मिला है। धरना प्रदर्शन व प्रबंधन से वार्ता भी हुई। बीते सप्ताह सिंदरी विधायक चन्द्र देव महतो कि उपस्थिति में क्षेत्र के महाप्रबंधक व अन्य अधिकारियों के साथ वार्ता हुई थी। विभिन्न मांगों के साथ बकाया 5 माह का वेतन भुगतान 4 दिसंबर तक कर देने की बात पर सहमति बनी थी। लेकिन प्रबंधन वार्ता से पूरी तरह से मुकर रहा है। प्रबंधन की मंशा मजदूरों के बकाया भुगतान नहीं करने की है। मामले में सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो ने कहा कि प्रबंधन कि मंशा मजदूरों का बकाया मजदूरी भुगतान करने की नहीं लगती है, इसलिए समझौता से पीछे हट रहा है। मौके राम प्रवेश यादव, राम विनय सिंह, विजय पासवान, बिनोद नोनिया, झारी लाल रवानी, राज कुमार चौहान, मोहित मल्लिक, राज कुमार सिंह आदि थे। समाचार लिखे जाने तक महाप्रबंधक कार्यलय कक्ष के पास धरना पर बैठे थे।

## बोकारो हवाई अड्डा से उड़ान सेवा प्रारंभ करने की तैयारियां तेज



**बोकारो।** बोकारो हवाई अड्डा से शीघ्र उड़ान सेवा शुरू करने की दिशा में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। गुरुवार को हवाई अड्डा परिसर में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में विभिन्न कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने हवाई अड्डा की सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दुदिबाग क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों के अनुसार हवाई अड्डा के आसपास मौजूद सभी अवैध दुकानों को तत्काल हटाया जाए, ताकि उड़ानों के संचालन में किसी तरह की बाधा न आए।इसके अलावा उपायुक्त ने हवाई अड्डा परिसर में झाड़ियों की सफाई का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएसएल प्रबंधन से कहा कि परिसर में लगे टावरों के बीच विजिबिलिटी स्पष्ट रखने के लिए नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में सिविल सर्जन को सुरक्षा मानकों के अनुसार टू-बेडेड एंबुलेंस की खरीद प्रक्रिया तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने हवाई अड्डा सुरक्षा मानकों के अनुरूप निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने पर बल दिया।समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, एयरपोर्ट अथॉरिटी रांची के उप महाप्रबंधक मनोज सिंह, बिरसा मुंडा हवाई अड्डा रांची के निदेशक विनोद कुमार, प्रशिक्षु वन प्रमंडल पदाधिकारी संदीप शिंदे, सिविल सर्जन अभय भूषण प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## साइबर अपराध पर नकेल कसेगी देवघर पुलिस

**देवघर।** जिले में बढ़ते साइबर अपराध पर रोकथाम के उद्देश्य से गुरुवार को साइबर थाना देवघर में एसपी सौरभ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक साइबर अपराध,थाना प्रभारी तथा साइबर थाना के पदाधिकारियों ने भाग लिया। एसपी ने हाल के मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश दिए और अभियुक्तों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कई बिंदुओं पर कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि विगत पांच वर्षों के आरोप पत्रित साइबर अपराधकर्मियों का भौतिक सत्यापन किया जाए तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 107 के तहत संपत्ति जब्ती की कार्यवाही आगे बढ़ाई जाए। साथ ही अन्य राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित कर आरोपितों का सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने संदिग्ध साइबर अपराधियों, विशेषकर सिम व बैंक खाता उपलब्ध कराने वालों पर खुफिया जानकारी एकत्र करने, निगरानी बढ़ाने तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। साइबर प्रभावित क्षेत्रों में टीओपी की स्थापना को लेकर अग्रतर पहल का आदेश दिया गया। आरोप पत्रित अपराधियों के विरुद्ध थाना हाजिरी, सीसी ए आदि के प्रस्ताव शीघ्र भेजने का निर्देश भी बैठक में दिया गया। साइबर अपराध रोकथाम के लिए पोस्ट ऑफिस एवं सीएसपी संचालकों के साथ बैठक आयोजित करने, साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में गश्त तेज कर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। पुलिस ने आमजन से सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने की अपील की है।

## भारतीय जनता मजदूर मंच की बैठक आयोजित



**जामताड़ा।** जामताड़ा के सरखेलडीह स्थित जिला मुख्यालय में गुरुवार को भारतीय जनता मजदूर मंच की विशेष बैठक उत्साहपूर्वक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राहुल देव शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा उर्फ बाटुल मौजूद रहे। उनके स्वागत में कार्यकर्ताओं ने जोरदार तालियों और माल्यार्पण किया।कार्यक्रम की शुरुआत सत्यानंद झा द्वारा नवनिर्मित जिला कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करने के साथ हुई। उन्होंने कहा कि मजदूरों की समस्याओं को अब और अनदेखा नहीं होने दिया जाएगा तथा मंच प्रत्येक मजदूर की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए मजबूत आवाज बनेगा। जिले की समिति का विस्तार करते हुए कई पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियाँ भी सौंपी गईं।जिला अध्यक्ष राहुल देव शर्मा ने आश्वस्त किया कि मजदूरों से जुड़े मुद्दे–मजदूरी अनियमितता, सुरक्षा कमी, योजनाओं का लाभ न मिलना जैसी समस्याओं–पर संगठन लगातार संघर्ष करेगा। बैठक में भोलानाथ सिंह, सुकेन मंडल, सुसुम्ना गोप, पानेश्वर किस्कू, विजन भंडारी सहित कई पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित रहे।बैठक मजदूर अधिकार आंदोलन को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है।

## इंस्पेक्टर राजेश मंडल ने साइबर थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया

**जामताड़ा।** साइबर अपराध से सबसे प्रभावित जिलों में शामिल जामताड़ा में गुरुवार को इंस्पेक्टर राजेश मंडल ने साइबर थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया। पूर्व में नगर प्रभाग में कार्यरत रहे राजेश मंडल अपनी सक्रियता और त्वरित कार्रवाई के लिए पहचान रखते हैं। पदभार ग्रहण के दौरान पूर्व प्रभारी मनोज कुमार महतो और पुलिस निरीक्षक अब्दुल रहमान ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। नए साइबर थाना प्रभारी ने कहा कि साइबर ठगी पर सख्त कार्रवाई, तकनीकी निगरानी को मजबूत करना और आम लोगों को जागरूक करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

## पहले से रजिस्टर्ड वक्फ प्रॉपर्टी ही करें अपलोड : निजामुद्दीन

**गोड्डा।** राज्य वक्फ बोर्ड के सदस्य सह पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी वर्तमान में वक्फ प्रॉपर्टी से जुड़े लोगों को जानकारी देने एवं परेशानी को दूर करने के लिए गोड्डा के परिसदन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वक्फ की गई उन प्रॉपर्टी को ही उम्मीद पोर्टल पर 5 दिसम्बर तक अपलोड करना है जो पहले से झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड से रजिस्टर्ड है अभी कोई भी नई वक्फ जायदाद वक्फ बोर्ड को रजिस्ट्री नहीं करना है। इसके उपरांत सूचना को सार्वजनिक किया जाएगा। गोड्डा जिले में मात्र 14 ही वक्फ संपति जो सब की सब ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ती है इन्हें ही उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करना है, इसके इलावा अभी कुछ नहीं करना है। वक्फ बोर्ड के सदस्य निजामुद्दीन अंसारी को तीन जलिों गोड्डा, दुमका एवं देवघर का प्रभार दिया गया है इनके समक्ष लगभग पूर्व की वक्फ प्रॉपर्टी को पुनः उम्मीद पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया। उक्त कार्य में जिला कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर मो0 अख्तर, हज कमिटी के कोडीनेटर इब्राहिम अंसारी सहित अन्य सहयोगी सहयोग कर रहे है।

## प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**मेहरमा।** बीते दिनों प्रखंड थाना क्षेत्र में प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी पर हुए हमले में घायल युवक के द्वारा दर्ज शिकायत के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर हमला करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि बीते दो दिन पूर्व प्रखंड थाना क्षेत्र के सिंघाड़ी में उत्तरप्रदेश के देवरिया से प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी युवक पर लड़की के भाई द्वारा युवक पर हमला की सूचना मिली थी। वहीं इस मामले में पुलिसिया कार्रवाई करते हुए हमलावर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने इस घटना में नामजद प्राथमिकी अभियुक्त मिनसार अंसारी उर्फ मिनसार आलम, पिता मुख्तार अंसारी उर्फ मुख्तार आलम, ग्राम सिंघाड़ी, थाना मेहरमा, जिला गोड्डा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। वहीं पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून- व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा है।

## बिराजपुर प्रीमियर लीग सीजन-3 का फाइनल मुकाबला



**कर्माटांड़।** कर्माटांड़ प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर क्रिकेट ग्राउंड में बिराजपुर प्रीमियर लीग सीजन-3 का फाइनल मुकाबला गुरुवार को रोमांचक माहौल में खेला गया। यह निर्णायक मैच स्नेहा हार्डवेयर और साहिन टेलीकॉम के बीच हुआ। साहिन टेलीकॉम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला लिया और ताबड़तोड़ खेल दिखाते हुए निर्धारित 14 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 183 रन का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। टीम के बल्लेबाज़ों ने शुरुआती ओवर से ही आक्रामक अंदाज़ अपनाते हुए चौकों-छक्कों की बरसात कर दी, जिससे मैदान पर मौजूद दर्शकों में उत्साह देखने को मिला। जवाब में उतरी स्नेहा हार्डवेयर की टीम ने भी शुरुआत से ही आक्रामक रुख बनाए रखा। हालांकि बीच-बीच में विकेट गिरते रहे, लेकिन टीम के बल्लेबाज़ों ने दबाव को संभालते हुए शानदार साझेदारियाँ कीं। अंततः स्नेहा हार्डवेयर ने दो ओवर शेष रहते सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और फाइनल मुकाबला 3 विकेट से अपने नाम कर लिया। जीत के साथ ही खिलाड़ियों और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विजेता टीम को 36 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी देकर कलीम मुखिया, बिराजपुर के उप मुखिया मुकेश कुमार समेत कमेटी के कई सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं रनर-अप साहिन टेलीकॉम टीम को 24 हजार रुपये नगद और ट्रॉफी प्रदान की गई। समारोह के दौरान खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई और आयोजन समिति ने टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए सभी का आभार जताया।

## जल सहिया का स्वच्छता कार्यक्रम



**नाला (जामताड़ा)।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत नाला प्रखंड क्षेत्र के खुड़ीयाम के उत्क्रमित मध्य विद्यालय तथा गांव के कई स्थानों पर जल सहिया द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम संचालित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा सभी से अपने आसपास सफाई बनाए रखने की अपील की गई। जल सहिया द्वारा मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने सामूहिक रूप से स्वच्छ वातावरण बनाए रखने, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने के लिए अपने ग्राम पंचायत को खुले में शौच मुक्त स्थिति में स्थायित्व प्रदान करने का संकल्प लिया। वहीं स्कूली छात्र छात्राओं को भी स्वच्छता के विभिन्न स्टेप की जानकारी दी गई।इसके साथ ही ग्रामीणों ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु आवश्यकता के आधार पर योजना बनाकर कार्य करने तथा अपने पंचायत को सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बनाने का भी निश्चय किया। कार्यक्रम में जल सहिया ब्यूटी मंडल सहित शिक्षक शिक्षिकाएं तथा अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# डीसी ने बैडमिंटन खिलाड़ी को प्रदान किया स्पोर्ट्स किट

**संताल एक्सप्रेस**

**गोड्डा।** जिले के बैडमिंटन खिलाड़ी मानप्रित प्रजापति एवं प्रिंस कुमार, जो राष्ट्रीय स्तर खिलाड़ी हैं, को समाहरणालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त के द्वारा स्पोर्ट्स किट प्रदान की गई। प्रिंस कुमार का ऑल इंडिया रैंक 3 है और उपायुक्त ने उन्हें उपकरण प्रदान करते हुए ऑल इंडिया में अच्छे खेल के प्रदर्शन करने को लेकर आशीर्वाद एवं प्रोत्साहन दिया गया। जिला प्रशासन के द्वारा दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। ज्ञात हो कि मनप्रीत प्रजापति ने 13 से 15 अक्टूबर 2025 तक लोहरदग्गा में हुए अंडर-11 मिनी नेशनल बैडमिंटन कम-सिलेक्शन ट्रायल में खेला था और अंडर-11 सिंगल्स में विनर रहे अब वे 8 से 11 दिसंबर 2025 तक वडोदरा, गुजरात में होने वाली अंडर-11 मिनी नेशनल बैडमिंटन




चैंपियनशिप के लिए चुने गए।

प्रिंस कुमार ने 13 से 15 नवंबर तक लोहरदग्गा में हुए सब जूनियर अंडर-13 बैडमिंटन नेशनल कम-सिलेक्शन ट्रायल में खेला। और अंडर-13 सिंगल्स में रनर रहे और पार्टनर मनप्रीत प्रजापति के साथ अंडर-13 डबल्स में विनर रहे और 13 से 16 दिसंबर तक भागलपुर, बिहार में होने वाली सब-जूनियर अंडर-13 नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए चुने गए हैं। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतो सहित कोच रांनु राणा उपस्थित थे।

## आसन्न नगर निकाय चुनाव को लेकर विभिन्न कोषांगों का गठन

**संताल एक्सप्रेस**

**गोड्डा।** नगर निकाय चुनाव की सुगबुगाहट धीरे-धीरे तेज हो गई है। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी भी जोरों पर है। चाहे वह वोटर लिस्ट संधारण की बात हो या फिर निकाय क्षेत्र के बूथ एवं उसके स्थिति का आकलन लगातार जारी है। इसके अलावा चुनाव के प्रत्येक पहलुओं पर तैयारी शुरू हो चुकी है। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय चुनाव को बेहतर ढंग से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न कोषांग का गठन कर लिया गया है। उपायुक्त द्वारा गठित कोषांग में वरीय पदाधिकारी सहित प्रभारी एवं सहायक कर्मियों की भी सूची तैयार कर दी गई है। साथ ही इसके कार्यों




एवं दायित्व का भी निर्धारण किया गया है। गठित कोषांगों की सूची इस प्रकार से निर्धारित हैं ः- निर्वाचन कोषांग - वरीय पदाधिकारी - प्रेमलता मुर्मू, अपर समाहर्ता गोड्डा एवं प्रभारी पदाधिकारी फैजान सरोवर कार्मिक कोषांग - वरीय पदाधिकारी - दीपक कुमार दुबे, उप विकास आयुक्त गोड्डा एवं प्रभारी पदाधिकारी - दीपक कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गोड्डा मतपत्र व मतपेटिका कोषांग - वरीय पदाधिकारी, दीपक दुबे, उप विकास आयुक्त , गोड्डा एवं प्रभारी पदाधिकारी - सनी कुमार, जिला खनन पदाधिकारी। सामग्री कोषांग - वरीय पदाधिकारी, प्रेमलता मुर्मू, अपर समाहर्ता गोड्डा। परिवहन कोषांग - वरीय पदाधिकारी - दीपक कुमार दुबे उप विकास आयुक्त एवं प्रभारी पदाधिकारी, कंचन भुदौलिया, जिला परिवहन पदाधिकारी। विधि व्यवस्था कोषांग - वरीय पदाधिकारी - बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा एवं प्रभारी पदाधिकारी नवीन कुमार बाड़ा , क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी। हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग - वरीय पदाधिकारी बैजनाथ उरांव , अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा। व्यय प्रेक्षक कोषांग - वरीय पदाधिकारी, अविनाश पूर्णेन्दु, जिला नजारत उपसमाहर्ता, गोड्डा। प्रशिक्षण कोषांग - वरीय पदाधिकारी - दीपक कुमार दुबे, उप विकास आयुक्त, गोड्डा एवं प्रभारी पदाधिकारी अभय कुमार झा कार्यपालक दंडाधिकारी, गोड्डा। मीडिया कोषांग - वरीय पदाधिकारी - बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रभारी पदाधिकारी अरविंद कुमार अग्रवाल, जनसंपर्क पदाधिकारी गोड्डा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह पीडीजे रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्रों में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आम लोगों को कानूनी व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी कड़ी में ठाकुरगंटी प्रखंड के मिश्र गंगटी में शिविर आयोजित की गई। डालसा की ओर से गठित टीम में शामिल दिलीप कुमार यादव एवं मुन्नी रानी ने ग्रामीणों को बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सामूहिक पहल से ही बाल विवाह मुक्त समाज का निर्माण संभव है। बाल विवाह के खात्मा को लेकर अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल जरुर भेजें। 21 वर्ष से कम उम्र के लडकों व 18 से कम उम्र में लड़कियों की शादी कदापि नहीं होने दें। पढ़ने की उम्र में बालक-बालिकाओं की शादी रचाना कानूनन अपराध है। स्थानीय स्तर पर बच्चों की पढ़ाई के लिए पठन-पाठन की बेहतर व्यवस्था है। विद्यालयों में मध्याह्न भोजन, पोशाक व छात्रवृति की भी व्यवस्था है। वहीं किसी प्रकार की समस्या होने पर विधिक सहायता की भी व्यवस्था है। इसके तहत महिला, समाज के अभिवंचित, वंदी आदि को मुफ्त कानूनी सहायता का प्रावधान है। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। इस दौरान ग्रामीणों को 13 दिसंबर 25 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## गुवाहाटी में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे गोड्डा के खिलाड़ी



**गोड्डा।** जिले की चार प्रमुख खिलाड़ी राज लक्ष्मी (अंडर-15), चाहत कुमारी (अंडर-18), एस. नैन्सी टुडू (अंडर-18) और सुनेना मुर्मू (सीनियर वर्ग) आज गुवाहाटी के लिए रवाना हुईं। ये खिलाड़ी 6 एवं 7 दिसंबर 2025 को इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम, गुवाहाटी में गोड्डा एवं झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी।प्रस्थान अवसर पर गोड्डा जिला रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव करण कुमार कश्यप और अध्यक्ष चंद्रशेखर झा ने खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी। शारीरिक शिक्षा शिक्षक नीरज कुमार सिंह, डॉ. महानंद यादव, अजय राय और अनंत यादव अंजर अहमद ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों के परिवारजन मुकेश कुमार सिंह, सोनी देवी, अमृता तनु, अजय कुमार और सुरेन्द्र मुर्मू ने चयन पर गर्व और हर्ष व्यक्त किया। गोड्डा रग्बी के खिलाड़ी सोनू यादव, रितिक कुमार, गुरुदेव पुरवे और शशि यादव ने सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य और शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर जिले में रग्बी के खेल को नई पहचान और जोश देने की उम्मीद जताई गई है।

## एसआईआर मैपिंग कार्य को लेकर बीएलओ को दिया प्रशिक्षण



**कुंडहित (जामताड़ा)।** कुंडहित प्रखंड सभागार में एसआईआर मैपिंग कार्य में संलग्न बीएलओ और सुपरवाइजर्स को आवश्यक सहायता प्रदान करने हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ जमाले राजा के अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी पर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया । बैठक सह प्रशिक्षण का उद्देश्य बीएलओ को एसआईआर मैपिंग प्रक्रिया, वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग, तथा मैपिंग में आने वाली समस्याओं के समाधान आदि के बारे में चर्चा की गई। बीएलओ को एसआईआर मैपिंग के स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें पारिवारिक मैपिंग, डुप्लिकेट हटाना, तथा एड्रेस सत्यापन शामिल था। सुपरवाइजर्स को, बीएलओ को फील्ड में सहायता प्रदान करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर मार्गदर्शन मिला, जैसे बीएलओ एप में डेटा अपलोड त्रुटियों का निवारण करना। प्रशिक्षण में आम समस्याओं जैसे ग्रुप बी, सी, डी कैटेगरी मैपिंग तथा डेटा असंगतियों पर चर्चा हुई।बीएलओ को प्राप्त ज्ञान से फील्ड सत्यापन तथा डेटा सुधार कार्य सुगम होगा। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रंजीत मरांडी, चंचल दास ऑपरेटर उमाशंकर प्रसाद एवं काफी संख्या में बीएलओ व सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## एसआईआर में मतदाता का नाम खोजने की विधि तथा मैपिंग प्रगति प्रशिक्षण



**नाला( जामताड़ा)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव के दिए गए निर्देश के आलोक में नाला प्रखंड सभागार में पिछले एसआईआर में मतदाता का नाम खोजने की विधि संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अकांक्षा कुमारी ने की।इस दौरान सभी बीएलओ को उनके अधीनस्थ मतदान केंद्र में पंजीकृत मतदाताओं को उनके पूर्वज/वंशज दादा, पिताजी के साथ तथा बहुओं को उनके मायके के पिता के साथ जल्द से जल्द मैपिंग पूरा करने का निर्देश दिया साथ ही जिसका नाम 2003 में नहीं मिल रहा है उनका नाम खोजने की विधि बताई गई। मालूम हो कि बूथ नंबर 193 से 262 तक के सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दी गई।साथ ही मैपिंग प्रतिवेदन जल्द से जल्द कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सीआई श्याम सुंदर बेसरा, मंगलमय मंडल, संजय कुमार, श्रवन मरांडी,निर्वाचन कार्यालय के राजेन्द्र बेसरा,उत्तम पाल, लक्ष्मी मंडल, शिवानंद तिवारी, आदि सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद थे।

## मेहरमा कोल ब्लॉक विकास नहीं विनाश : सौरभ

**मेहरमा।** हाल ही में अख़बार में प्रकाशित मेहरमा कोल ब्लॉक जिसका आवंटन का दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) को होने की बात कही गई है। कुछ लोग इसे विकास से जोड़ कर देख रहे हैं छात्र नेता सौरभ झा ने इसे विकास नहीं विनाश कहा है। उन्होंने बताया कि ये पूरा ग्रामीण क्षेत्र है और यहां अधिकांश लोग गरीबी रेखा से नीचे है जिनका जीवन यापन कृषि पर आधारित है। आधी से अधिक आबादी ऐसी है जिनके पास खुद के घर के अलावे कोई जमीन नहीं है अगर भविष्य में ये लोग विस्थापित होंगे तो इनके लिए क्या योजना है या केवल हवा हवाई में ही बात होगी ऐसी स्थिति में हम इसे विकास कैसे मान सकते हैं। एक ओर वर्षों से लंबित गंगा पंप नहर का कार्य वर्षों से ठप है जिसे किसानों के हित में दिया गया था ताकि किसान खेती कर सके लेकिन वो तो हाथी का दांत होकर रह गया और साथ ही अब खेती को खनन में बदलने की बात कही जा रही है। खनन के नाम पर लोग विस्थापित होंगे जल संकट बढ़ेगा प्रदूषण बढ़ेगा दुर्घटनाएं आम होगी लोगों को सांस तक लेने के कठिनाई होगी ये ग्रामीण सौंदर्य पर संकट है।

## जिला स्थापना व अनुकंपा समिति की बैठक

**गोड्डा।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला स्थापना व अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। अनुकंपा समिति की बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों को प्रस्तुत किया गया। अनुकम्पा नियुक्ति से संबंधित दस्तावेज व जरूरी कागजातों की गहन जांच के बाद 2 आवेदनों में 1 आवेदन स्वीकृत किया गया। स्थापना समिति की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत कार्यालय अधीक्षक 8 पद प्रधान लिपिक 10 पद एवं उच्च वर्गीय लिपिक के लिए एक पद पर प्रोन्नति के संदर्भ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राप्त कुल 19 आवेदनों में 15 आवेदन के कर्मियों के सेवा संपुष्टि से संबंधित आवेदनों की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं जिनके दस्तावेजों में कमी पायी गयी उन्हें सुधार कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।बैठक में स्पष्ट किया गया कि जिन कर्मियों की 10 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूरी हो चुकी है, उन्हें प्रथम एमएसीपी, 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वालों को द्वितीय एमएसीपी और 30 वर्ष की निरंतर संतोषप्रद सेवा वाले कर्मियों को तृतीय एमएसीपी का लाभ प्रदान किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से उपविकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा वैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, जिला कोषागार पदाधिकारी विजय कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार सहित समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## मानवाधिकार कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



**जामताड़ा।** जामताड़ा के दुलाडीह हरिजन टोला में नेशनल ह्यूमन राइट्स जस्टिस एंड मूवमेंट की ओर से मानवाधिकार कार्यकर्ता सम्मेलन उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मूल संदेश था पढ़ो और लड़ो, जिसका उद्देश्य ग्रामीण समाज में शिक्षा और संवैधानिक अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाना था।मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव हाफिज एहतेशामुल मिर्जा ने कहा कि संगठन पूरे जिले में व्यापक अभियान चलाएगा, ताकि हर व्यक्ति अपने अधिकारों को समझ सके। उन्होंने स्पष्ट कहा हक़ हमें संविधान देता है, और इसे पाने के लिए जागरूक होना जरूरी है।प्रदेश महासचिव अकबर अंसारी ने शिक्षा की कमी को ग्रामीण शोषण का सबसे बड़ा कारण बताया। उन्होंने कहा कि कोई बच्चा आर्थिक वजह से पढ़ाई से वंचित नहीं रहेगा संगठन उसकी मदद करेगा।कार्यक्रम में मो. एजाज अंसारी, महेंद्र संवाकर, मुकेश मिर्धा, धर्मेंद्र तुरी, संदीप मिर्धा, कन्हाई मिर्धा, पूजा देवी, ज्योति कुमारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ, युवक और ग्रामीण उपस्थित थे।

## नंदन वॉरियर्स ने पोड़ैयाहाट पैंथर को 41 रन से हराया



**गोड्डा।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में स्थानीय गाँधी मैदान में चल रहे गोड्डा प्रीमियर लीग में नंदन वॉरियर्स ने पोड़ैयाहाट पैंथर को 41 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ नंदन वॉरियर्स ने अपने चारों लीग मैच में जीत दर्ज करते हुए ग्रुप ए में शीर्ष पर रही। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए नंदन वॉरियर्स ने तय 20 ओवर में 168/3 रन बनाए। टीम की ओर से वैभव यादव ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 42 गेंदों पर 85 रन ठोके, जिसमें 7 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। जवाबी पारी में पोड़ैयाहाट पैंथर की टीम 20 ओवर में 127/9 ही बना सकी और मुकाबला हार गई। उनकी ओर से सुमित कुमार सिंह (42 रन) व कौशल किशोर (21 रन) ने थोड़ी संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे। वैभव यादव को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोड्डा टाइगर के मालिक राजेश खान के द्वारा दिया गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए गोड्डा टाइगर्स ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 153 रन का स्कोर खड़ा किया कप्तान सिद्धार्थ ने 43 रन की शानदार पारी खेली। आदर्श गौतम ने 30 रन बनाया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सिद्धार्थ कुमार को जेएससीए के अंपायर इफ्तेखार शेख एवं आनंद कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया।

## मरिया में देर रात लगी आग, दो किसानों का 70 प्रतिशत से अधिक धान जलकर राख



**कर्माटांड़।** कर्माटांड़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डुमरिया ग्राम में बीती रात लगभग 11:30 बजे लगी भीषण आग में दो किसानों के खलिहान में रखा धान जलकर राख हो गया। घटना इतनी अचानक और तेज थी कि देखते ही देखते खलिहान में रखे धान का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आग की लपटों में समा गया। गांव के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। जामताड़ा से फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचने के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। पीड़ित किसानों में छेदी यादव और हीरालाल यादव शामिल हैं। छेदी यादव के खलिहान में रखा लगभग 35 से 40 क्विंटल धान पूरी तरह जल गया, वहीं हीरालाल यादव का करीब 20 से 25 क्विंटल धान राख में बदल गया। किसान छेदी यादव पूरी तरह खेती पर निर्भर हैं। अपने पूरे साल की मेहनत को जलते देख वह घटना स्थल पर ही फूट-फूटकर रो पड़े। उन्होंने बताया कि खलिहान गांव से बाहर बीच मैदान में स्थित है, जहां रात के सन्नाटे में अचानक धधकती आग देखकर सभी दंग रह गए। छेदी यादव का कहना है कि धान की बीड़ा पाली मारकर सुरक्षित रखी गई थी। ऐसे में रात 11ः30 बजे अचानक आग लगना प्राकृतिक नहीं लगता। उन्होंने आशंका जताई कि किसी ने साजिश के तहत आग लगाई होगी। उन्होंने बताया कि आग की लपटें जिस तरह तेजी से उठ रही थीं, उसे देखकर गांववाले भी हैरान रह गए कि आखिर इतनी भीषण आग अचानक कैसे भड़क गई। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इसकी जांच कर दोषियों की पहचान की जाए । ताकि किसानों को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका ।

## 9 महीने बाद भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं

**संताल एक्सप्रेस मिहिजाम।** मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत चयनित 782 नए लाभुक अब भी अपने सपनों के घर का इंतजार कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरुआत को 9 माह बीत चुके हैं, लेकिन पात्र लाभुकों को योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, जिससे लोगों में निराशा और सवाल दोनों बढ़ते जा रहे हैं।लगभग 6 महीने पूर्व नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नए आवेदकों ने आवास योजना का लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से आवेदन जमा किया था। उम्मीद थी कि स्वीकृति मिलते ही उन्हें पहली किस्त जारी होगी और वे अपने आवास निर्माण की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे। लेकिन अप्रैल से नवंबर तक पूरा समय बीत जाने के बावजूद लाभ नहीं मिलने से लाभुक अब चिंतित हैं।इस संबंध में मिहिजाम नगर परिषद कार्यालय के नगर प्रबंधक विजय कुमार ने बताया कि नगर परिषद द्वारा नए लाभुकों की सूची तैयार कर 6 माह पहले झारखंड नगर विकास एवं आवास विभाग को अनुमोदन के लिए भेज दी गई थी, लेकिन विभागीय स्तर पर अभी तक स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे ही राज्य स्तर से मंजूरी मिलेगी, सभी पात्र लाभुकों को योजना के तहत राशि उपलब्ध करा दी जाएगी।लाभुकों का कहना है कि लगातार कार्यालय के चक्कर लगाने और इंतजार करने के बावजूद उन्हें कोई निश्चित समयसीमा नहीं बताई जा रही, जिससे वे अपने आवास निर्माण की योजना नहीं बना पा रहे हैं। कई लोगों ने यह भी कहा कि महंगाई और बढ़ती लागत के कारण देर होने से निर्माण खर्च बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि स्वीकृति प्रक्रिया में तेजी लाकर जल्द से जल्द राशि जारी की जाए, ताकि गरीब एवं जरूरतमंद परिवार अपने घर के निर्माण का सपना पूरा कर सकें।

समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर लगा जनता दरबार

# भू-अर्जन, मुआवजा, पेंशन, आवास, फसल बीमा एवं बिजली बिल माफी सहित कई मामलों पर सुनवाई



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण और प्रशासनिक सेवाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू की अध्यक्षता में जिला स्तर पर जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व शहरी क्षेत्र से आए लोगों ने विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को रखते हुए समाधान की अपेक्षा जताई। प्रशासनिक पारदर्शिता और सुगम शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौके पर मौजूद रहे, ताकि दर्ज समस्याओं का प्राथमिक स्तर पर परीक्षण कर आवश्यक प्रक्रिया शुरू की जा सके। दरबार में पहुँचे लोगों ने भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान में विलंब, बिजली बिल माफी, अनुकम्पा नियुक्ति, झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना के तहत लाभ से वंचित होने की समस्या, फसल बीमा योजना में दावे लंबित रहने, भू-राजस्व संबंधित विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन की स्वीकृति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना से जुड़े लंबित प्रकरणों की जानकारी दी। प्रत्येक विषय को नोट कर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने क्रमवार सुनवाई करते हुए निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों की भौतिक जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों को समयसीमा में मिले, यह प्राथमिकता है।

दूसरे चरण में विभिन्न विभागीय आवेदनों की गंभीरता का मूल्यांकन करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किया गया कि जहां तत्काल समाधान संभव हो, वहीं मौके पर कार्यवाही प्रारंभ की जाए। जिन मामलों में दस्तावेज सत्यापन, फील्ड जांच या उच्चस्तरीय स्वीकृति आवश्यक है, उनके लिए निर्धारित समयसीमा तय कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि प्रत्येक विभाग एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन डीसी कार्यालय को समर्पित करे, जिससे जिला स्तरीय मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रगति की समीक्षा की जा सके। जनता दरबार के दौरान ग्रामीण महिलाओं, वृद्धजन, किसानों तथा दूरदराज़ प्रखंड से पहुँचे लाभुकों ने अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं। कई मामलों में अधिकारियों ने ऑन द स्पॉट दस्तावेज की जाँच कर आवश्यक प्रक्रिया शुरू की तथा लाभुकों को आवेदन की स्थिति और आगे की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लंबित फ़ाइलों पर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे। जनता दरबार के चलते आमजनों में प्रशासन के प्रति भरोसा बढ़ा है और लोगों ने उम्मीद जताई कि उनके मामलों का शीघ्र समाधान होकर लाभ मिलेगा।

देवघर इंटक नेताओं ने एम्स देविपुर के कार्यकारी निदेशक से की मुलाकात

# विस्थापितों को नौकरी, 75 प्रतिशत स्थानीय नियोजन व गोचर भूमि को लेकर रखी मांग



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर जिला इंटक के जिलाध्यक्ष अनंत मिश्रा एवं झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने एम्स देविपुर के कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. गंगने से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया।

मुलाकात के दौरान इंटक नेताओं ने प्रो. गंगने के समक्ष एम्स देविपुर क्षेत्र में विस्थापित रैयतों के आश्रितों को रोजगार देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई। साथ ही उन्होंने झारखंड सरकार के निर्णय के अनुरूप एम्स में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नौकरी देने की मांग भी मजबूती से रखी। इसके अलावा निबंधित गोचर एवं गैर-निबंधित गोचर भूमि के बदले गोचर जमीन उपलब्ध कराने से संबंधित विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इंटक नेताओं ने कहा कि एम्स निर्माण के दौरान जिन ग्रामीणों की भूमि अधिग्रहित हुई है, उनके अधिकारों और हितों की रक्षा किया जाना आवश्यक है।

इंटक नेताओं की बातों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. नितिन एम. गंगने ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया और कहा कि संबंधित विषयों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग से समन्वय किया जाएगा।

## अतिक्रमण पर नगर प्रशासन सख्त विशेष अभियान चलाकर किए चार ठेले ज़ब्त



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और जाममुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कु के निर्देश पर गुरुवार को नगर प्रबंधक सुभाष हैंब्रम के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान, टीम ने शहर के मुख्य और भीड़भाड़ वाले हिस्सों–थाना रोड, गांधी चौक, साह मार्केट, रामचंद्र बाजार, स्टेशन रोड और राजबाड़ी रोड–सहित बाजार क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े चार ठेला संचालकों पर कार्रवाई करते हुए, उनके चार ठेलों को ज़ब्त कर नगर परिषद परिसर में रखा गया।

## देवघर के पहलवान मनीष झा का राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में चयन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** बाबू बेदानंद सिंह अखाड़ा, देवघर के होनहार पहलवान मनीष झा का चयन 69वीं अंडर-17 बालक/बालिका फ्री स्टाइल राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 8 से 12 दिसंबर 2025 तक बलिया, उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी। मनीष झा इस प्रतियोगिता में 110 किलोग्राम भार वर्ग में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसकी जानकारी देवघर जिला कुश्ती संघ के सचिव संजीव कुमार झा ने दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मनीष झा राज्य स्तरीय कुश्ती प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं, जहाँ वे पूरी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं। मनीष झा कल झारखंड की टीम के साथ बलिया के लिए रवाना होंगे। उनके चयन से देवघर जिले सहित पूरे खेल जगत में हर्ष की लहर है।

## एडवांस योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** जिला आयुष समिति सह जिला संयुक्त औषधालय देवघर के तत्वावधान में जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जगदीश सिंह के नेतृत्व में आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं संयुक्त औषधालय में पदस्थापित योग शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए तीन दिवसीय एडवांस योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन पतंजलि योगपीठ के योगगुरु शंभू कुमार बरनवाल ने योगाभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक लाभ भी मिलता है। साथ ही उन्होंने बताया कि योग से आपसी कलह, तनाव और मानसिक अशांति भी दूर होती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश यादव, रामदेव मंडल, मुख्य योग शिक्षक अनुज कुमार, विजय प्रसाद राय सहित अन्य योग शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी योग शिक्षक अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लोगों को बेहतर ढंग से योग का लाभ पहुंचाएंगे।

## 21 दिसंबर तक होटल इंपीरियल हाइट्स में पंजाबी व्यंजनों की विशेष पेशकश



**देवघर ।** होटल इंपीरियल हाइट्स स्थित ट्वाइलाइट रेस्तरां में 4 दिसंबर से 21 दिसंबर 2025 तक पारंपरिक पंजाबी स्वाद पर आधारित विशेष व्यंजन सप्ताह शुरू हुआ है। इस दौरान मेहमानों को सरसों का साग और मक्की की रोटी विशेष तौर पर अला कार्टे में परोसी जा रही है। पंजाबी खानपान की पहचान माने जाने वाले इस संयोजन के साथ रेस्तरां में सर्दियों के मौसम का स्वाद बढ़ाने वाले कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। मुख्य पाठ्यक्रम में लेहसूनी आलू, अदरकी पनीर और दाल पालक शामिल हैं। वहीं नॉन वेज प्रेमियों के लिए ताज़ा मेथी मुर्ग की खास तैयारी की गई है। मिठाई में गरमागर्म गाजर का हलवा मेहमानों को सर्दियों की विशेष दावत के रूप में परोसा जाएगा। प्रबंधक राजू चौधरी ने कहा कि ठंड के मौसम में सरसों के साग और मक्की की रोटी का आनंद लेना सबसे उपयुक्त माना जाता है और अतिथियों को प्रामाणिक स्वाद उपलब्ध कराने हेतु विशेष ध्यान रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान प्रिया, मुकेश, अरविंद, विकास सहित खाद्य उत्पादन दल एवं खाद्य तथा पेय विभाग की टीम उपस्थित रही। होटल प्रबंधन का कहना है कि आगामी दिनों में भी स्थानीय स्वाद और परंपरागत व्यंजनों के परिचय के लिए इस तरह की पेशकश जारी रहेगी।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की सफलता के लिए आश्रय संस्था ने दोहराया संकल्प



**मधुपुर ।** भारत को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के केंद्र सरकार के दृढ़ निश्चय और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर, आश्रय संस्था ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। देवघर से शुरू हुए सौ दिवसीय गहन जागरूकता अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आश्रय ने सभी सरकारी विभागों और एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया है। आश्रय लंबे समय से जिले में बाल विवाह के उन्मूलन के लिए ज़मीनी स्तर पर कार्यरत है। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के एक साल पूरा होने पर नई दिल्ली में इस सौ दिवसीय गहन जागरूकता अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उस पूरे परिवेश को ध्वस्त करना है जो बाल विवाह को पनपने में मदद करता है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस दिशा में मिली सफलता को रेखांकित करते हुए कहा था कि स्पष्ट नीतियों, लगातार की जा रही कार्रवाईयों और गाँव-गाँव तक पहुँच रहे प्रयासों की बदौलत भारत बाल विवाह को पूरी तरह खत्म करने की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है।

# देवघर के रजी खान और आसिफ शेख ने राष्ट्रीय एथलेटिक्स में रचा इतिहास

## झारखंड के लिए कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया जिले का मान



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर जिले के लिए गर्व का क्षण आया है। रजी खान एवं आसिफ शेख ने 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (स्त्रस्न्ढ्ढ), जो इंदौर, मध्यप्रदेश में आयोजित हुई, में अंडर-14 वर्ग की 4म100 मीटर रिले दौड़ में झारखंड टीम के लिए कांस्य पदक जीतकर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक पहचान दिलाई है। ये दोनों खिलाड़ी देवघर के पहले एथलीट बन गए हैं जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स में पदक हासिल किया है। बताया गया कि रजी खान कुमैठा, देवघर में संचालित खेलो इंडिया सेंटर में एनआईएस कोच दीपक कुमार के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जबकि आसिफ शेख चंदनकियारी में नियमित अभ्यास करते हैं। दोनों खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और लगन का ही परिणाम है कि आज उन्होंने झारखंड और देवघर को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ने कहा कि यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि देवघर में खेल और खिलाड़ी दोनों निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार प्रतियोगिताएं हो रही हैं, जिससे खिलाड़ियों को अधिक अवसर मिल रहा है। रजी और आसिफ की यह सफलता पूरे झारखंड के लिए प्रेरणादायक है। आने वाले समय में देवघर से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी निकलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े, सचिव मनोज मिश्रा, आशीष झा, प्रशिक्षक दीपक कुमार, नीतू देवी, रजनीश कुमार, गौरव, रंजन, चंदन कुमार, अखिलेश राजभर, साहिद शेख, अभिषेक सिंह, संतोष पटेल, मनीष कुमार सहित जिले के खेल प्रेमियों और परिजनों ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं व बधाई दी।

# नवविवाहिता को जलाकर मारने का प्रयास

## ससुर, पति सहित तीन पर हत्या का आरोप



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** थाना क्षेत्र की एक नवविवाहिता ने अपने ससुर, पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर यौन उत्पीड़न और जलाकर मारने का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाते हुए महिला थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने शिकायत में बताया है कि उसकी शादी लगभग छह माह पूर्व बूढ़ेई थाना क्षेत्र के नवाहार निवासी मो. निसार आलम के साथ हुई थी। विवाह के बाद से ही उसके ससुर मुख्तार आलम और ससुराल के अन्य सदस्य उसे विभिन्न तरह से प्रताड़ित करने लगे थे। नवविवाहिता का आरोप है कि उसका ससुर लगातार उस पर अनैतिक संबंध बनाने का दबाव डालता था। पीड़िता द्वारा विरोध किए जाने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। हालात तब और बिगड़ गए जब ससुराल पक्ष ने हत्या की नीयत से उसे आग लगाकर जलाने का प्रयास किया। पीड़िता किसी तरह वहाँ से भागकर झाझा पहुँची और फिर अपने मायके आकर परिवार एवं पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी ससुर मुख्तार आलम, पति निसार आलम तथा ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोप अत्यंत संवेदनशील हैं, और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# देवघर में डोर टू डोर कचरा उठाव ठप, घरों में बढ़ा कचरे का ढेर

## कर्मियों की हड़ताल से सफाई व्यवस्था चरमराई, तीन माह से वेतन बकाया



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** शहर में इन दिनों कचरा प्रबंधन व्यवस्था ठप पड़ गई है। निगम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को घरों में जमा कचरा कहां फेंके, यह बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। डोर टू डोर कचरा उठाव बंद होने से अनेक इलाकों में लोग मजबूरी में कचरा बाहर डालने लगे हैं। कचरा उठाने वाली गाड़ियां मोहल्लों में नहीं पहुंच रही हैं, जिसके कारण पिछले तीन दिनों से घरों में कचरा जस का तस पड़ा रह गया है। इंतजार करते-करते लोगों का सब्र जवाब देने लगा है और कचरा निष्पादन समाधानहीन बनता दिख रहा है।

जानकारी के अनुसार एमएसडब्ल्यूएम एजेंसी के लगभग ढाई सौ कर्मियों ने तीन माह से वेतन नहीं मिलने के कारण काम बंद कर दिया है। बताया गया कि इससे पहले भी कई महीनों का पूरा भुगतान नहीं किया गया था। कर्मियों का कहना है कि बकाया भुगतान होने तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

वहीं एजेंसी के प्रबंधक जयप्रकाश राय ने बताया कि निगम प्रशासन की ओर से भुगतान लंबित है। एजेंसी को करीब तीन करोड़ रुपये से अधिक की राशि निगम से प्राप्त होनी है। इस मुद्दे पर निगम व एजेंसी के बीच बातचीत भी हुई, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका।

निगम का पक्ष है कि फंड उपलब्ध होने पर भुगतान कर दिया जाएगा और इस संबंध में मुख्यालय को पत्र भी भेजा गया है। वेतन भुगतान विवाद के बीच सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है। शहरवासियों की बढ़ती परेशानी के बीच अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि मामला कब सुलझेगा और सफाई व्यवस्था कब पटरी पर लौटेगी।

# हेमंत सोरेन देश के सबसे बड़े आदिवासी नेता, स्थिर सरकार से भाजपा हताश : फुरकान



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

मधुपुर । पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने आज झारखंड की मौजूदा सियासी हलचल पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन न सिर्फ झारखंड बल्कि पूरे भारत के सबसे मज़बूत और बड़े आदिवासी नेता हैं।

वह दिवंगत गुरुजी शिबू सोरेन के सच्चे वारिस हैं, जिन्होंने संघर्ष और स्वाभिमान की राजनीति का नया इतिहास लिखा। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि आदिवासी समाज अपना हक़ लड़कर लेता है, उसे भीख की ज़रूरत नहीं होती।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपरीत परिस्थितियों में भी ऐतिहासिक वापसी कर दिखाई है और एक बार फिर झारखंड को स्थिर, संवेदनशील और जवाबदेह सरकार दी है। यही बात भाजपा को सबसे ज़्यादा चुभती है, इसलिए वे लगातार अफ़वाह, भ्रम और सियासी शगूफ़े छोड़ती रहती है।

गुरुजी और हमने मिलकर झारखंड लिया था और झारखंड को झुकने नहीं देंगे

पूर्व सांसद ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने की लड़ाई में गुरुजी शिबू सोरेन और उन्होंने कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया। हमारी सोच सिर्फ़ एक थी, झारखंड मज़बूत बने, झारखंड का हक़ झारखंड को मिले। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उसी सपने को पूरा कर रहे हैं। बीच में बाधाएँ आती हैं, मगर वह बिना डर और बिना विचलन के राज्य के विकास में लगे हैं।

श्री अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड का वैध बकाया जानबूझकर रोक रखा है। यह आर्थिक अन्याय है। भाजपा सरकार प्रेशर पॉलिटिक्स का गंदा खेल खेल रही है, ताकि झारखंड की सरकार को बदनाम किया जा सके। लेकिन झारखंड न झुका है, न झुकेगा।

?केंद्र ने झारखंड का हक़ रोका, लेकिन गुजरात और उत्तर प्रदेश में हज़ारों करोड़ के पैकेज बाँट रही है। यह संघीय ढाँचे पर सीधा हमला है।

?भाजपा को झारखंड के आदिवासी स्वाभिमान से डर लगता है। यही वजह है कि वे बार-बार हेमंत सोरेन को निशाना बनाते हैं। जनता ने स्थिर सरकार चुनी है, और भाजपा जनता के जनादेश का अपमान कर रही है।

?अंत में पूर्व सांसद ने कहा कि, जिस झारखंड को संघर्ष करके बनाया, उसे कुछ लोग तोड़ने का सपना देख रहे हैं। लेकिन याद रखिए झारखंड की आत्मा आदिवासी स्वाभिमान है, और वह कभी किसी सत्ता के आगे नहीं झुकता।

# देवघर में नौ दिवसीय अति रुद्र महायज्ञ का समापन





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** बाबा बैद्यनाथ की पावन नगरी में आयोजित नौ दिवसीय अति रुद्र महायज्ञ एवं ज्ञान-कथा का दिव्य समापन गुरुवार को पूर्णिमा तिथि पर बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। सर्राफ स्कूल प्रांगण में यज्ञशाला सुबह से ही वैदिक मंत्रों की गूंज से आलोकित रही। पूर्णाहुति, भजन और महाआरती के साथ अंतिम सत्र सम्पन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की अनुपम भक्ति दिखाई दी। समापन अवसर पर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती और आचार्य महामंडलेश्वर विवेकानंद भारती ने महायज्ञ की सफलता का श्रेय देवघर की आस्था और अनुशासनप्रिय श्रद्धालुओं को दिया। कथा वाचक रमाकांत भाई ने भी देवघरवासियों के धैर्य और अनुशासन की सराहना की।

प्रसाद वितरण में 15 से 20 हजार भक्तों ने भाग लिया। आयोजन समिति की उत्कृष्ट व्यवस्था के कारण पूरा कार्यक्रम सुव्यवस्थित रहा। वैदिक अनुष्ठानों, रुद्र-रुद्राक्ष मंत्रों और श्रीसूक्त पठन ने महायज्ञ को अद्वितीय बनाया।

# जरूरतमंदों के बीच सूरज झा ने किया कंबल का वितरण



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** बढ़ती ठंड को देखते हुए महापौर प्रत्याशी सूरज झा ने शहर के शिवराम झा चौक स्थित झामुमो शहरी हेल्प डेस्क में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। इस दौरान नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से आईं बबीता देवी, सुधीर पंडित, रेणु देवी, सावित्री देवी, बरसाती देवी, विरमा देवी, लखी देवी, डोली देवी, ज्योति देवी, बिरेंद्र महथा, कमली देवी, शोभा देवी, तारा घोष, फुलिया देवी और चंपी देवी सहित कई लाभुकों को कंबल प्रदान किए गए। मौके पर सूरज झा ने कहा कि यह कोई चुनावी अभियान नहीं, बल्कि बीते 10-15 वर्षों से लगातार जरूरतमंदों की सहायता का उनका संकल्प है। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में कंबल वितरण, शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था और अन्य सामाजिक कार्य लगातार किए जाते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले भी कंबल बांटे गए थे और आगे भी वितरण का सिलसिला जारी रहेगा। उनकी प्राथमिकता है कि नगर निगम क्षेत्र में कोई भी जरूरतमंद ठंड से ठिठुरे नहीं और हर व्यक्ति को राहत मिले।

# नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य से ट्रेन परिचालन प्रभावित, कई मेमू व एक्सप्रेस रद्द

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** पूर्व रेलवे हावड़ा मंडल के अंतर्गत खाना जंक्शन में नॉन-इंटरलॉकिंग तथा लेडर शिफ्टिंग कार्य किए जाने के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इसके लिए प्री-एनआई कार्य 1 और 2 दिसंबर से 4 और 5 दिसंबर तक चार दिनों तक चल रहा है।

इसके बाद 5 और 6 दिसंबर से 7 और 8 दिसंबर तक तीन दिनों तक एनआई कार्य किया जाएगा, जिसकी कुल अवधि लगभग 48 घंटे होगी। कार्य के दौरान कई ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा, जबकि कई ट्रेनों को रद्द भी किया गया है। 06 और 07 दिसंबर को 63519 बर्द्धमान बोकारो स्टील सिटी मेमू तथा 63509 बर्द्धमान झाझा मेमू बर्द्धमान की जगह असंसोल से प्रस्थान करेंगी। इसी अवधि में 63520 बोकारो स्टील सिटी बर्द्धमान मेमू और 63510 झाझा-बर्द्धमान मेमू अपनी यात्रा असंसोल में ही समाप्त करेंगी। रद्द की गई मेमू ट्रेनों में 63505, 63507, 63506 और 63508 को 5, 6 और 7 दिसंबर को रद्द किया गया है। 63511 को 6 दिसंबर को तथा 63513, 63549, 63517 और 63523 को 6 एवं 7 दिसंबर को बंद रखा जाएगा।

इसी प्रकार 63512, 63516, 63522, 63526 और 63524 असंसोल बर्द्धमान मेमू 6 और 7 दिसंबर को नहीं चलेंगी। इसके अलावा 63550 अंदाल बर्द्धमान और 63552 असंसोल अंदाल मेमू भी 6 और 7 दिसंबर को रद्द रहेंगी। मेल व एक्सप्रेस ट्रेनें भी प्रभावित रहेंगी।

## जाति जियोन रे बिंडी रेयाक् पारतुल

**-चुण्डा सोरेन 'सिपाही'**



ठिली बाङ खान बिंडी,
बिंडी बाङ खान ठिली,
ठिली बाङ खान बिंडी मिछा गेया,
ठिली बाङ खान बिंडी मिछा गेया।,

बिंडी बाङ खान ठिली,
ठिली बाङ खान बिंडी,
बिंडी बाङ खान ठिली धुड़साड़ेक्आ।
बिंडी बाङ खान ठिली धुड़साड़ेक्आ।

कोड़ा बाङ खान कुड़ी,
कुड़ी बाङ खान कोड़ा,
कोड़ा बाङ खान कुड़ीय आंदागोक्आ,
कोड़ा बाङ खान कुड़ीय आंदागोक्आ।

कुड़ी बाङ खान कोड़ा,
कोड़ा बाङ खान कुड़ी,
कुंड़ी बाङ खान कोड़ाय तावागोक्आ,
कुड़ी बाङ खान कोड़ाय तावागोक्आ।

हाहाड़ा गे नोआ आत् ओनोड़हें। मेनखान, ओना ओनोड़हें रेयाक् माने गे इञाक् मोने दो संतालकोवाक् जातियारी सांवता बाबोत रे मित्-बार काथाको ओकताय लागित् दोय उसकुरकेत्तिञा। एनते, चाक् से बाङ ! सानामाक् रेयाक् गे ओना रेयाक् मित् टेन ओनोरोम चिन्हा ताहेंना। मेनखान, संतालकोवाक् दो नोआ भारोत दिसाम रे मित् टेन जात कानाको मेनते रेयाक् निट ओनोरोम चिन्हा दो बानुक् आकात् ताको गेया। नोआ दिसाम रे जाहांय गे मित् टेन जात लेका तेको मेनोगोक्कानकोवाक् दो मिमित् गोटेच् निट ओनोरोम चिन्हा मेनाक् आकात् ताकोआ। मेनखान,संताल-आदिवासीकोवाक् दो बानुक् आकात् गेया। आर, ओना दो होयोक् काना- 'धोरोम' रेयाक् ञुतुम। नोआ दिसाम रे आदिवासी-संतालकोवाक् दो धोरोम ञुतुम दो बानुक् गेया। आर, जुदी मेनाक् खान दो, ओना दो होयोक् काना -'विदिन ''बिदिन' आर से 'बेदिन'।'

तोबे, कुकली राकाप्कोक्आ जे ओना 'विदिन, बिदिन आर से बेदिन' साबादको रेयाक् 'गुत्' से 'तेतेततेत्' दो चेत् काना ? नोवाको' साबाद रेयाक् ओमोनोम दो ओका खोच् ? संताली पारसी रे चेत् ओनकानाक् साबाद रेयाक् 'गुत्' मेनात्आ जे ओनकोवाक् धोरोम ञुतुम दो 'विदिन', बिदिन आर से बेदिन पाड़ाव एना मेनते ? ओहो मेनले।....

अंग्रेजी पारसी रे 'हिब्रू' पारसी रेयाक् 'मित् टेन साबाद मेनाक्आ- 'Heathen' (ह्विदेन)। आर, से, हिन्दी ते ओना रेयाक् माने दो होयोक् काना- 'जंगली, अस य, अधर्मी आर धर्मत्यागी' एमान। आर, संताली ते दो होयोक् काना- जांगली, बेसोसनोक्, बेधोरोमान आर से धोरोम खोन ओचोक् आकानको। मेताक्मे, 'आस्तिक' दो बाङ, 'नास्तिक' कानाको मेनते। नोआ साबाद दो होड़ होपोनको ताला रे ईसाई धोरोम पोपोरचारिचए ताहेंकान रे० P. O. Bodding साहेबाक् ओल डिक्शनरी (साबाद मुराई) जाहां दो 2016 साल रे छापा आकान 'संताली-अंग्रेजी'। ओना रेयाक् सा-साकाम 240 रे 'Bedin' रेयाक् माने दो Pagan, Irreligious, Heathen (जंगली, बेधोरोम आर नास्तिक) ओल आकाना। ओनका गे सा-साकाम-280 रे दो 'Bidin' साबाद रेयाक् माने दो 'Bedin' ओल आकान मेनाक् आकादा, आर ओना रेयाक् माने हों ओना- जंगली आर से बिनधोरोम गे ओल आकान मेनाक् आकादा। आर मित्तल डिक्शनरी रेयाक् सा-साकाम- 273 रे हों ओनका गे। आर से जाहांटाक् डिक्शनरी (शब्दकोष) गेम ञेला। 'Heathen' रेयाक् माने दो ओना 'जंगली', अस य, बिनधोरोम' आर से अधर्मी साबाद गे ओल आकान मेनाक् आकादा।.....

एण्डेखान, सोवाल राकाबोक् काना जे चेत् भारत रेयाक् संविधान रे मेनाक् अनुच्छेद 342 रे दोहो आकात्को आर से जाहांय दो संबिधान रेयाक् गे अनुच्छेद 13 (क) रेयाक् (1) लेका ते, मेताक्मे, आकोवाक् जुग-जापाक् खोनको ताहेंन सेको मानाव आगुयेत्कान होरा (रूढ़िता) माक्नावको आदिवासी-संतालको दोको 'जंगली' आर सेको 'बिनधोरोम'आन होड़ काना ? चेकाते ? ''बोङगा' (बोंगा) साबाद रेयाक् माने दो तोबे चेत् काना ? दुनियां रेन सानाम धोरोम गातांक रेन जातकोवाक् आरी-चाली बाबोत रे मि० ई०बी० टैलर दो Premitive Culture Vol. 1 रे आरी-चाली बाबोत रे आपारसीये (परिभाषा) एम आकादा। ओना रे उनी दोय लाई आकादा- 'Culture is that complex whole which includs the morsl, custome, art, believe, law and all the capablities which is equired by the man as a member of a society.' मेताक्मे, आरी-चाली दो ओना मिसियाती माने रेयाक् मित्-के-मित् काना ओने ओका रे दो आपनाराक् हुदिस-बुंदिस, रायरीत, हुनार, पातयाउ, कानुन आर ओनाको जोतो होय दाड़ेयाक्आक्, ओने ओका दो सांवता रेन होड़ दो मित् टेन रासिया हुयां तेको आंगोच। आदो, तोबे नोक्ओय चोङ ओना मा ठीक गे। एनते, नोको जात-गातांक रेन होड़ हों ओनका गे जाहेरथान, माझीथान आर ओना रे माराङबुरू, जाहेरएरा आर से एमानबोंगा-बुरूको पुजा-पासावाको काना। पातयाउ मेनाक् ताकोआ। ओनारे मित् टेन काजाक उतार आन आर से कानुन मेनाक् आकात् ताकोआ। मित् पारिस रे बापलाक् बारोन गेया। बिटलाहा कानुन मेनाक् ताकोआ। पोरोब-पोरबास मेनाक् ताकोआ। आदो, तोबे चेका ते जंगली, बिनधोरोम आर से नास्तिक दोको होयोक्आ ? ओहो गे। तिस रे हों बाङ आर से ओहोतेत् गे। एनते, आरी-चाली मेनाक् आकात् ताकोआ।....

.....धोरोम दोरसोन रे हिन्दूकोवाक् धोरोम लेका ते,जे लेका - ब्रह्मा, विष्णू आर महेंश साबाद मेनाक्आ। ओना रे- ब्रह्मा=उत्पत्ति कर्ता।, विष्णू=पालन कर्ता आर महेश=संहार कर्ता। ओना गे संताली ते दो होयोक् काना- सिसिरजाविच्, आक्सुलिच् आर सासामटाविच्। क्रिस्तानकोवाक् लेका ते- God- G= Generator = उत्पत्ति करनेवाला, पैदा करनेवाला, O = Operator, कार्य करनेवाला, चालक, प्रचालक आर = Distractor, Distract= 'भंग करनेवाला' होयोक् काना। ओना गे संताली ते दो होयोक् काना- सिसिरजाविच्, चालाव-बाक्नाविच् आर नाक्साविच्। आर, से ओनका गे अंग्रेजी तेयाक् गे पाड़ोन ते बाडायोक् काना जे 'समाचार पत्र' रेयाक् हों। मेताक्मे- 'News' समाचार पत्र। नोआ साबाद रे दो- 'N'= North, 'E'= East, 'W'=west, 'S'=South' (मेन दो-उत्तर, पूरब, पश्चिम आर दक्षिण) होयोक् काना।....ओनका गे अंग्रेजी पारसी रेयाक् लेका गे संताली पारसी रेयाक् हों 'हुल' साबाद रेयाक् माने दो होयोक् काना 'होड़' 'उमझाउ' 'लाड़वना'। मेताक्मे, नोआ 'हुल' साबाद रे दो पेयासाबादको ओको आकान मेनाक् आकादा। ओना रे मित् दो 'ह', दोसारदो 'उ' आर तेसार दो 'ल'। आर, नोवाको मिमित् गोटेच् आखोर ते दो जुदा-जुदा साबाद बेनाव आकाना। जे लेका 'ह' ते दो 'होड़' 'उ' ते दो 'उमझाउ' आर 'ल' ते दो 'लाड़वना' से 'लाड़हाई'। मेताक्मे- 'होड़ उमझाउ लाड़वना से लाड़हाई'।

ओनका गे अंग्रेजी पारसी रेयाक् 'Student' साबाद ञेलेत् खान दो बाडायोक् काना जे नोआ साबाद रे दो एयाय गोटेच् साबाद आर ओना रेयाक् गुनको ओको आकान मेनाक् आकादा। मेताक्मे, 'S' ते दो होयोक् काना 'Smart', आर, ओना रेयाक् माने संताली ते दो होयोक् काना- साफा-साफी, हुसयार, चालाक, उसारा काक्मीयिच। 'T' ते दो होयोक् काना- 'Talented' आर से 'Truthful' आर, ओना रेयाक् माने संताली ते दो होयोक् काना- लेकमानिच् आर से सारी, सारीयिच्, सारीयाक्इच्' एमान। 'U' ते दो होयोक् काना- 'Understanding',

मेताक्मे, बुझान्तार, सोबोरिया आर से सोड़ा मोनेयानिच्' एमान। 'D' ते दो होयोक् काना 'Desciplined' आर, ओना, रेयाक् माने दो होयोक् काना- हुकुम बाताव, बोगे चोलोन से बेवहार। 'E' ते दो होयोक् काना- 'Energetic' आर' से 'Enthusiastic' आर, ओना रेयाक् माने दो होयोक् काना- दाड़ेयानिच्, होड़मो ते जासती कामी दाड़ेयानिच्'। आर, 'Enthusisastic' रेयाक् माने दो होयोक् काना- हांस, रासकाक्, उच्, रिंगी-टिंगीक्। 'N' ते दो होयोक् काना 'Noteble' आर, ओना रेयाक् माने संताली ते दो होयोक् काना- 'दिसा दोहोय लेक, आसोल, आसोलाक्, मोहोत आनाक् ओल दोक्होयिच्। आर से 'Neat' आर, ओना रेयाक् माने दो होयोक् काना- 'साफा-साफी, पुस्टाउ ते, सोजोन्तोर, लिखान-गोड़होन एमान। आर, 'T' ते दो होयोक् काना- 'Thoughtful' मेताक्मे, दिसा काते, हुदिस रे माखुड़िया' आर से सोमरोन ते' एमान। आदो ओने ओनका हारोप नापित बेनावाक् अंग्रेजी साबाद 'Student' रेयाक् माने दो होयोक् काना। मेताक्मे, 'साफा-साफी ताहेंन, सारीयाक्तेत्, बुझान्तार, बोगे चोलोन, कामी रे रिंगीटिंगीक्इच्, आसोल कामीको दिसा दोहोय, साफा-साफी ओल आर हुदिस-बिचार रे माखुड़ियातेत् गे 'Student' से पाठवावाक् (आकिल हाक्मेटिच् आर से पाड़हाक्इच्आक्) आसोल ओनोरोम दो काना।' (तोंगेक्आ)

# धबनाद रे बिसआन गैस ते बारया मायजिवाक् बेण्डाव, टोठा रे बोतोर पासनावेना

**खोबोरिया**



**धनबाद।** झारखंड रेयाक् धनबाद जिला रेयाक् केंदुआडीह थाना टोठा रे बिसआन गैस लीक आकान मुसकिलाक् दिनाम दिन गंभीर इदीक् काना। गैस रेयाक् प्रभाव ते नितोक् हाबिच् बारया मायजिवकिन गोच् चुकाउ आकाना। इना तायोम पुरा इलाका रे बोतोर रेयाक् माहौल मेनाक्आ। बुधवार हिलोक् पाहिलिच्ए गोच् लेना, तिन रे प्रियंका देवीयाक् हालोत आचकागे बिगड़ावेना। लुखीवार हिलोक् 62 उमार रेन ललिता देवी होंय गोच् एना। चाहे, प्रशासनाक् मेन काना जे बानारगुजुक् रेयाक् आसोल ओजे दो पोस्टमार्टम रिपोर्ट हिजुक् तायोम गे पुसटाउ दाड़ेयाक्आ। नोआ घोटोना विरोध रे लुखीवार सेताक् आतो होड़ दो धनबाद रांची आसोल होरको जाम केदा। होड़ दो टायार जेरेत् काते जिला प्रशासन आर भारत कोकिंग कोललिमिटेड बीसीसीएल प्रबंधन खिलाफ रांगावको सोदोर केदा। ओनकोवाक् मेन काना जे तिन हाबिच् सुरक्षित पुनर्वास बाको एमावाको काना आर बिसआन गैस स्रोत बाको चिन्हा बोंदोयेत् काना उन हाबिच् जाम जारी गेताहेंना। मेनखान मुटामुटी पोन घंटा तायोम प्रशासन आर आतो होड़ाक् गालमाराव तायोम सोड़ोक जाम दो चाबा एना। टोठारियाप्रदीप कुमार ठाकुर दोय लाई केदा जे गोच्एन मायजिवाक् तबीयत आचका बिगड़ावेना आर मोचा खोन फेतो ओडोकोक् लागावेना। हासपाताल इदीये रे डाक्टर दोय लाई केदा जे उनी गैस प्रभाव आरसाहेंत् थिरूक् तेय गोच् तानाक् आकाना। प्रदीप लेकाते, नितोक् हों15-20 होड़को रूवाक् काना आर जुदी गैस रिसाव बाङ थिर लेना,तोबे हालोत आरहों बिगाड़ दाड़ेयाक्आ। टोठारिया शेख मोह मददो प्रशासन रे केटेच् बेबोसता बानुक् रेय आरोप आकादा। पूर्वमेयर चंद्रशेखर अग्रवाल हों प्रबंधन रे कुकलीय राकाप् केदा। मेन केदाय जे बीसीसीएल दो आयमा जायगा असुरक्षित गे घोषित केदा, मेनखानताहेंन लागित् उपयुक्त विकल्प बाको एमात्आ। उनी दो डीजीएमएस, सीआईएमएफआर आर आईएसएम लेकान विशेषज्ञ संस्थानको दुपुडुप्होहोकाते तुरांत फण्डाव ओडोके खोज आकादा।

# जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप रेयाक् क्वारटर फाइनल रे भारत रेयाक् ञापाम बेल्जियम सांवते




**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** भारत दो पूल बी रे दमदार प्रदर्शन तुलुच् 29 गोल दागकाते आर मित् हों गोल बाङ जोम तुलुच् चाहे दो मोंज रिकॉर्ड बेनावाकात्, मेनखान आसली लिलकार नितोक् एहोबोक् काना। सोकोलवार हिलोक् चेन्नई रेन मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम रे होयोक्आक् क्वॉटर फाइनल रे भारत रेयाक् बेल्जियम सांवते ञापामहोयाया। पी आर श्रीजेशआक् कोचिंग रे एनेच् कान भारतीय टीमे बाडाया जे चिली, ओमान आर स्विटजरलैंड लेकान कोमजोर टीम खिलाफ आलगा जिताउ ञामोक् नितोक् इतिहास होय चुकाउ आकाना। नितोक्थोड़ा हों गालती 2016 तायोम घरेलू धारती रे खिताब जिताक् कुकमूय रापुत् दाड़ेयाक्आ। भारतीय फॉरवर्ड लाइन दो नितोक्हाबिच् बेसतेय खिलाड आकादा। दिलराज सिंह 6 गोल आर मनमीत सिंह 5 गोल दो आक्रमण रे लय बेनाव दोहो केदा, आर रोशन कुजूराक् आयुर रे मिडफील्ड हों सॉलिड ताहेंयाकाना। स्पेन तायोम पूल डी रेदोसार ठांय रे ताहेंन रे हों बेल्जियम टूर्नामेंट रेयाक् आडीखतरनाक आक्रामक टीमको रे मित्टेन मानावक् काना। पूल चरण रे टीम दो 22 गोल केदा, नोआ रे फील्ड गोल आर पेनल्टी कॉर्नर गोलसं या सोमान ताहेंयेना। भारतीय डिफेंस नितोक् हाबिच् मुटामुटी अनटेस्टेड ताहेंयाकाना, ओकादो नितोक् आडी केटेच् बिडाउ तेपारोमोक्आ। स्विटजरलैंड खिलाफ 5-0 जिताउ रे गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह आर बिक्रमजीत सिंह दो आदोम बेसतेय सेव केदा। कप्तान रोहित, तालेम प्रियबर्ता आर आमिर अलीयाक् आयुर रे भारतीय बैकलाइन आयाक् सोरोसतार दाड़े उदुग होयोक्ताया। एटाक् क्वार्टरफाइनल मुकाबला रे स्पेन रेयाक् सामना न्यूजीलैंड सांवते, फ्रांस रेयाक्मुकाबला जर्मनी सांवते आर नीदरलैंड रेयाक् मुकाबला अर्जेंटीना सांवते होयोक्आ।

# डुमरिया रे ञिन्दा लागावेना सेंगेल, बारया चासीयाक् 70 प्रतिशत खोन जासती लो तोरोच् एना होड़ो

**खोबोरिया**

**कर्माटांड़ ।** कर्माटांड़ प्रखंड टोठा रेयाक् डुमरिया आतो रे पारोमेन ञिन्दा मोटामुटी 11.30 बजे लेका सेंगेल लागावेन रे बारया चासीयाक् खाराय रे दोहो आकात् होड़ो दो लो तोरोच् एना।घोटना दो नुनाक् आचका आर तापिस ताहेंकाना जे ञेल ञेल ते गे खाराय रे दोहो आकात् होड़ो रेयाक् 70 प्रतिशत खोन जासती हिंसदो लो तोरोच् एना। आतो रेन होड़ दो तुरंत गे नोआ रेयाक्खोबोर अग्निशमन विभागको एमात्कोआ। जामताड़ा खोन फायर ब्रिगेड रेन टीम सेटेरेन तायोम सेंगेल दोको इंड़िच् केदा, मेनखान उन हाबिच् ते आयमा लुकसान होय ठीक आकान ताहेंकाना। दुखाली चासी रे छेदीयादव आर हीरालाल यादव सेलेत् मेनाया। छेदी यादवाक् खाराय रे दोहोवाकात् ताहेंन मोटामुटी 35 खोन 40 क्विंटल होड़ो लो तोरोच्एना, आर से नोते हीरालाल यादवाक् दो मोटामुटी 20 खोन 25 क्विंटल होड़ो लो तोरोच् एना। चासी छेदी यादव दो पुराउ ते गे चास-बासटेहाड आकान होड़ कानाय। उनी दो पुराउ बोछोर रेयाक् आरजाव रे सेंगेल ञेल काते काराजातेय राक् केदा। उनी दोय लाई केदा जे खाराय दो आतो खोन बाहरे रेयाक् टान्डी रे मेनाक् आकादा, ओन्डे ञिन्दा सांच्-सुंच् रे आचका सेंगेल ञेल ते जोतो होड़कोहाहाड़ा उतारेना। छेदी यादव दोय मेनेत् काना जे होड़ो चाके दो मोंज तेको दोहोवाकात् ताहेंकाना। ओनका रे ञिन्दा 11.30 बजेआचका सेंगेल लागाक् दो सिरजोनिया घोटना दो ओहो होय लेना। उनी दो दिगधाय लाई केदा जे ओकोय चो उनीयाक् होड़ो रे सेंगेलकोलागावाकादा। उनी दोय लाई केदा जे सेंगेल नुनाक् तापिसजोलोक्कान ताहेंकाना जे ओना ञेलते होड़ हांको हाहाड़ा उतारेना जे नुनाक् माराङ सेंगेल दो आचका चेकाते दुरदुराउ दाड़ेयाक्आ।घोटना रेयाक् खोबोर टोठाकिया पुलिस प्रशासनको एमात्कोआ।आतो होड़ दो खोजको दोहो केदा जे नोआ रेयाक् जांच काते दुसीको पाछनावकोमा, जेमोन चासी दो सुहीराईकिन ञाम दाड़ेयाक्आर आगाम रे नोंकानाक् घोटनाको रोकाव दाड़ेयाक्।

## जमशेदपुर रे बेआईन वसूली खिलाफगाड़ी डायबोराक् प्रदर्शन, आयमा घंटा जाम ताहेंयेना पार्किंग गेट

**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर रे मेनाक् टाटा कंपनीयाक् बर्मामाइंस पार्किंग ठांव रे लुखीवार हिलोक् टेराक आर ट्रेलर डायबोर दो बेआईन वसूली खिलाफ जोरदार विरोध एहोप् केदा। सेताक् खोन गे आयमा डायबोर पार्किंग गेट रेको जुटावेना आर आसोल गेटको जाम केदा, ओना खातिर हामाल गाड़ी हिजुक् चालाक् बोंदो एना।प्रदर्शनकारी डायबोरकोवाक् आरोप काना जे पार्किंग रे तोयनात कर्मचारी ओनको ठेन बिना पारची आर बिना हुकुम कैश रेपार्किंग शुल्क छाडा मेडिकल जांच ञुतुम रे 250 टाका जोबोर तेकोउठावेत् काना। ओनकोवाक् मेन काना जे टेस्टिंग ओकतेजारूड़ोक् खोन जासती मायामको हातावेत् काना आर नोआ रेयाक् जाहांन पुटाउ जानकारी बाको लायेत् काना, नोआ ते डायबोर दो असहज आर आशंकित मेनाक्कोआ। डायबोर दो नोआ होंको आरोपकेदा जे पोयसा बाको एमोक् रे पार्किंग रे बाको बोलो ओचोवाकोकाना आर आयमा धाव घंटा हाबिच् बाहरे रे तेंगो होयाको काना।उनीय लाई केदा जे दिनाम दिन पासेच् 7 खोन 8 हजार डायबोर टाटा कंपनीयाक् बेरेल माल आर बेनाव सामानको परिवहन सांवते जोड़ावताहेंन काना, नोंका रे नोआ लेकान वसूली डायबोराक् सासोन काना। यूनियन दो प्रशासन आर टाटा प्रबंधन ठेन तुरांत हस्तक्षेप रेयाक्कोखोज आकादा आर चेतोनको एमेना जे तिन हाबिच् कुड़पाड़ बाङ होयोक्काना, आंदोलन जारी ताहेंना। विरोध प्रदर्शन रे संगठन रेन उपाध्यक्षमनोज कुमार, सचिव राजेश तिवारी, संगठन मंत्री सोनू महतो, सलाहकार बबलू सिंह, बंटी कुंभकार, इमरान अंसारी, रवि यादव आर आयमाहोड़ रे डायबोरको सेलेत् एना। प्रदर्शन इयाते टोठा रे टेराकलाइन ताहेंयेना आर औद्योगिक आपूर्ति बेबोसता प्रभावितोक् काना।

## जडेजावाक् धीमी बल्लेबाजी तेको हारावेना : इरफान पठान



**रायपुर।** पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान दोय मेनाकादा जे दोसार मित् माहांकिया रे भारतीय टीमाक् हारावेन कारोन अनुभवी बल्लेबाज रविन्द्र जडेजावाक् धीमी बल्लेबाजी ताहेंयाकाना। भारतीय टीम दो नोआ मैच रे दक्षिण अफ्रीका 359 रेन रेयाक् जोस एमादे ताहेंना मेनखानइना तायोम हों नोआ बाय बांचाव दाड़ेयादा। पठान दोय मेनाकादा जेदक्षिण अफ्रीका दो 39 खोन 49 ओवर तालाय गेंदबाजी केदा, नोआ तेभारतीय टीम दो 370 हाबिच् बाय सेटेर दाड़ेयादा। इरफान लेकाते 15खोन 20 रन आर बेनावकोक्आ तोबे पासेच् परिणाम जुदा होयकोक्आ। उनीय मेन केदा जे जडेजा दो धीमी बल्लेबाजी आकादा। जडेजादो एयाय नोमबोर रेय हेच्एन तायोम 27 बॉल रे एकेन 24 रन एबेनाव केदा। उनी दो कप्तान केएल राहुल सांवते तुरूई विकेट लागित्54 बॉल रे 69 रन ए बेनाव लेदा। इरफान दोय मेन केदा ए राहुल दोमोंज गेय फिनिश केदा। उनी दो आर मित् कप्तानी पारीय एनेच् एना। उनीयाक् मोंज फिनिश जारूड़ी ताहेंकाना, मेनखान उनी बायताहेंकोक् तोबे नुनाक् रन हों भारत रेयाक् बाङ बेनावकोक्आ।इञाक् हिसाब ते ओका जडेजावाक् पारी ठिक बाङ ताहेंकाना। उनी दो 27 बॉल रे नाबाद 24 रन ए बेनाव केदा। भारतीय टीम रेन जासतीकायबल्लेबाज दो 100 रेयाक् स्ट्राइक रेट खोन जासती बेनाव रे जडेजा दो88 रेयाक् स्ट्राइक रेट तेको बल्लेबाजी केदा। ओका लेकान उनी बल्लेबाज काना उनी रे नोआ आंकड़ा सही बानुक्आ।

## मोबाइल दुकान रे सेंगेल लागावेना, 15-20 लाख रेयाक् सोमपुती लो तोरोच् एना

**खूंटी।** नेता चौक कर्रा रोड रे मेनाक् शिवाजी चौक रे बुधवार हिलोक् आडी ञिन्दा मित्टेन मोबाइल दुकान रे सेंगेल लागाव एना।सेंगेल लागावेन खातिर दुकान रे दोहो मुटामुटी जोतो सामान लोतोरोच् एना। अनुमान लागावोक् काना जे नोआ घोटोना रे पासेच्15 खोन 20 लाख टाका रेयाक् लोकसान आकाना। बाडायाकान लेकाते,गोबिंद मोबाइल ञुतुमान दुकान रे ञिन्दा पासेच् साढ़े 11 बजे आचका गे सेंगेल लागाव एना। सोंदहो होयोक् काना जे सेंगेल दो शॉर्टसर्किट खातिर लागाव एना। दुकान मालिक गोबिंद महतो दो दिनाम लेका गे ञिन्दा इराल बजे दुकान बोंदो काते ओड़ाक्ए सेनोक् कानताहेंना। सेंगेल लागावेन काथा बाडाय काते इना सोर रेन होड़ दो फोन काते उनीको लायादेया। तिन रे उनीय हेच् एना, तोबे सेंगेल दो ढाउ-ढाउ फायलाव चुकाउ आकान ताहेंना आर दुकान रेयाक्जासतीकाय सामान दोय लो चापोट चुकाउ आकात् ताहेंना।

## पलामू रे मोड़ें एकड़ रे अफीम फोसोलको नोसटो केदा

**पलामू।** पलामू रेयाक् मनातू थाना टोठा रे अवैध अफीम चास रेको कुड़पाड़ केदा। मुटामुटी मोड़ें एकड़ रे लागावाकान फोसोलकोनोसटो केदा। घोटोना ठांव खोन ञामेन सामान दो ताक रे गेको नोसटो केदा, नोआ रे मित् सेक्शन पाइप 125 मीटर बिजली तार, मित्डिलीवरी पाइप सेलेत् मेनाक्आ। उकू काथा बाडायेन रे मनातू रेयाक्केदल आतो टोला फुलापाखा रे वन विभाग आर पुलिस होते संयुक्तअभियानको चालाव केदा।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**IRRIGATION MECHANICAL DIVISION, DEOGHAR**
**email ID – eeimddeoghar@gmail.com**

**Corrigendum**

e-Tender Reference No. :- WRD/IMD/Deoghar/06F2 / 2025-26 dated 28.11.2025
e-Tender Published Vide PR 367442 Water Resource (25-26).D
Name of the work:- Fabrication & Installation of E/R gate at Chain No. 21 of Punasi Main Canal under Punasi Reservoir Scheme.
Class of Contractor eligibility *(As per WRD Registration) is changed to Class 2 & 3.
All other terms and conditions remain un-changed.

Executive Engineer
Irrigation Mechanical Division, Deoghar
PR 367657 Water Resource(25-26).D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय नगर पंचायत, बरहरवा (साहेबगंज)**
**Email Id-barharwaulb@gmail.com**

पत्रांक – 908/न0पं0, बरहरवा, दिनांक – 03.12.25
अति–अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या :– 12/2025–26

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बरहरवा क्षेत्रान्तर्गत SBM के IEC & Behaviour Changes मद के अन्तर्गत प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से सरकारी भवनों एवं सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता से संबंधित दिवाल लेखन (स्लोगन/पेन्टिंग) किया जाना हैं। अतः इच्छुक पेन्टर/आपुर्तिकर्ता/दुकानदार/एजेन्सी अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 15.12.2025 को कार्यालय अवधि में मुहरबंद कोटेशन (भाव पत्र) समर्पित कर सकते हैं। उक्त मुहरबंद कोटेशन (भाव पत्र), दिनांक 16.12.2025 को निविदा निश्पादित किया जाएगा।
नोट :–(क) कोटेशनदाता का पैन कार्ड, जी0एस0टी0 प्रमाण–पत्र, अद्यतन आयकर रिटर्न एवं जी0एस0टी0 रिटर्न कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा।
(ख) परिमाण विपत्र का मूल्य 500/– (पांच सौ रूपया) मात्र नगद/बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत बरहरवा के पदनाम पर भारतीय स्टेट बैंक, बरहरवा में देय होगा। कोटेशन शुल्क के रूप में देना होगा जो वापस नही किया जायेगा।

Sd/-
कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, बरहरवा
PR 367690 (Urban Development and Housing)25-26*D

**साहेबगंज समाहरणालय**
**(जिला आपदा शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली की योजना युवा आपदा मित्र Yuva Aapda Mitra Scheme (YAMS) के तहत आपदा मित्रों के प्रशिक्षण में उपयोग हेतु Emergency Responder Kit का क्रय किया जाना है जिसका दर निर्धारण हेतु इच्छुक निबंधित आपूर्तिकर्ता/फार्म से मोहरबन्द निविदा निम्नांकित शर्तो के अधीन आमंत्रित किया जाता है। निविदा दिनांक–12.12.2025 को अपराह्न 1:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय (जिला आपदा शाखा, साहेबगंज) में प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष, दिनाक–12.12.2025 अपराह्न 3:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा खोली जायेगी आपूर्ति संबंधित शर्तो के एवं आपूर्ति किये जाने वाले सामाग्री विवरणी की विस्तत जानकारी हेतु Sahibganj.nic.in पर देखा जा सकता है।

अपर समाहर्त्ता,
साहेबगंज।
PR 367685 (Sahabganj) 25-26 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल दुमका।**
**अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

पुनर्निविदा संख्या– 03/RII/2025-26/RWD/EE/DUMKA (PR No.-365793 Dt.-10.11.2025) दिनांक– 03.12.2025
1. कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दुमका द्वारा निम्न विवरण के अनुसार E-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेंटिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु० में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | | |
| 1 | RWD/DUMKA/ 08/2025-26 | ग्राम शहरपुर PWD रोड से देवदाहा आदिवासी टोला तक पीसीसी पथ निर्माण। भाग–1 | 24,99,200 | 03 महीने | तृतीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 05.12.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 13.12.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online के माध्यम से जमा किया जाएगा।
4. निविदा खोलने की तिथि 15.12.2025 एवं समय पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दुमका।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का सम्पर्क संख्या– 06434 291033
7. विस्तृत जानकारी के लिए jharkhandtenders.gov.in/नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल दुमका।
PR 367680 Rural Work Department(25-26)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल दुमका।**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या– 04/2025-26/RWD/EE/DUMKA दिनांक– 03.12.2025
1. कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, दुमका द्वारा निम्न विवरण के अनुसार E-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | आईडेंटिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति राशि (रु० में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/DUMKA/10/2025-26 | ग्राम चिचहरा में मोतिहारा नदी के पुल से चिचहरा ग्राम तक गार्डवाल और पीसीसी पथ का निर्माण। | 48,98,800 | अड़तालीस लाख अन्ठानवें हजार आठ सौ। | 06 महीने | प्रथम |
| 2 | RWD/DUMKA/11/2025-26 | ग्राम बढ़ैत में पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से ग्राम बढ़ैत तक पीसीसी पथ निर्माण। भाग–A | 24,97,900 | चौबीस लाख सन्तानवें हजार नौ सौ। | 03 महीने | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 08.12.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 20.12.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online के माध्यम से जमा किया जाएगा।
4. निविदा खोलने की तिथि 22.12.2025 एवं समय पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दुमका।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का सम्पर्क संख्या– 06434 291033
7. विस्तृत जानकारी के लिए jharkhandtenders.gov.in/नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल दुमका।
PR 367682 (Rural Work Department) 25-26 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, देवघर**

**भर्ती कैम्प –2025**

स्थान– जिला नियोजनालय देवघर। दिनांक– 06.12.2025 समय–10:30 पूर्वाह्न से
झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत दिनांक– 06.12.2025 को भर्ती–कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती–कैम्प में निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थि होने हेतु सहमति जताई है:–

| Sl No. | Company Name | Name Of the Post | No. of Vacancies | Qualification | Experience | Pay/Salary | Age | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Firstfly Corporate | Apprentice | 300 | 10th 12th & ITI | Fresher | 17087 | 18-32 | Aurangabad Maharashtra |
| | | | | Any Graduate | Fresher | 18587 | 18-32 | Aurangabad Maharashtra |
| | | | | Diploma | Fresher | 20692 | 18-32 | Aurangabad Maharashtra |
| | | | | 12th & ITI | Fresher | 17237 | 18-32 | Aurangabad Maharashtra |
| 02 | Blinkit | Delivery boy | 200 | 08TH | Fresher | 12000/- 22000/- | 18-35 | Gorgon Hyderabad |

नोट– आवेदक को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है, उल्लेखनीय है कि जिला नियोजनालय देवघर में आवेदक नियोजनालय वेव पोर्टल– https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ के होम पेज के New Jobseeker में जाकर स्वंय भी निबंधन कर सकते है। चुंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है इसलिए सभी प्रकार के सेवा शर्तो, चयन प्रकिया के लिए नियोजक उतरदायी है, नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करता है।
भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भता देय नही है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा के साथ भर्ती–कैम्प में भाग लें। स्थानीय रिक्तियों में रोजगार के अवसर के लिए आवासीय प्रमाण– पत्र लाना अनिवार्य है।

जिला नियोजन पदाधिकारी देवघर
PR 367728 (Deoghar)25-26*D

